

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 12 दिसंबर 2024 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-11 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-252 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 13 दिसंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### सेना के जवान ने सर्विस राइफल से गोली मारकर की आत्महत्या

**श्रीनगर,12 दिसंबर ।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में तैनात एक सेना के जवान ने कथित तौर पर अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।सैनिक की पहचान हवलदार इंदेश कुमार के रूप में हुई है। वह मंजाकोट इलाके के अंजनवाली गांव में अपने कैंप में संतरी की ड्यूटी पर तैनात थे।इंदेश कुमार ने मंगलवार रात को खुद को गोली मारी है। आत्महत्या के कारण सामने नहीं आए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इससे पहले उधमपुर जिले के रहमबल क्षेत्र में भी ऐसी घटना हुई थी, जिसमें जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक हेड कांस्टेबल ने अपने सहकर्मी को गोली मारकर खुद को भी गोली मार ली।इनकी पहचान हेड कांस्टेबल मलिक और कांस्टेबल (ड्राइवर) मंजीत सिंह के रूप में हुई। घटना सुबह 6:30 बजे सोपोर से रियासी जिले में सहायक प्रशिक्षण केंद्र जाते समय हुई थी।पुलिस अधिकारी ने बताया कि मलिक एके-47 से गोली मारी थी। यह आपसी रंजिश का मामला था।

### दिल्ली में बर्फीली हवा से टूटा 14 साल का रिकॉर्ड

**नईदिल्ली,12 दिसंबर।** दिल्ली में सर्दी ने अपनी रफ्तार पकड़ ली है। पहाड़ों पर हुई बर्फबारी से मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ी है और तापमान में काफी गिरावट है।गुरुवार सुबह दिल्ली का न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.1 डिग्री गिरकर 4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो शिमला से भी कम है। इसने 14 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया।हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में गुरुवार सुबह न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.7 डिग्री कम 5.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। दिल्ली में एक दिन पहले बुधवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री कम 4.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, लेकिन लगातार ठंडी हवाओं से गुरुवार को यह 0.4 डिग्री और कम हो गया।

### रेप के आरोपी ने जमानत पर बाहर आकर की पीड़िता की हत्या

**झारसुगुड़ा,12 दिसंबर ।** ओडिशा में एक शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है. नाबालिग लड़की से रेप मामले के आरोपी जमानत पर जेल से बाहर आया और कथित तौर पर पीड़िता की हत्या कर दी. उसके बाद उसने शव के पहले कई टुकड़े किए और फिर उन टुकडों को अलग-अलग जगहों पर फेंक दिया. इस बात की जानकारी पुलिस ने दी. पुलिस ने बताया कि पिछले साल अगस्त में रेप के आरोपी कुनु किशन को सुंदरगढ़ जिले में नाबालिग से रेप के आरोप में गिरफ्तार किया गया था.

पीड़िता ने धारुआडीह पुलिस स्टेशन में रेप का केस दर्ज कराया था. वहीं, पिछले साल दिसंबर में आरोपी जेल से रिहा हुआ. झारसुगुड़ा के एसपी परमार स्मित पुरुषोत्तमदास ने जानकारी दी कि इस महीने की 7 तारीख को पीड़िता के परिजनों ने उसके लापता होने की शिकायत दर्ज करवाई. जांच की गई तो सीसीटीवी में पाया गया कि वह दो व्यक्तियों के साथ एक बाइक पर जा रही है. बाइक पर सवार दोनों लड़कों ने हेलमेट पहना हुआ था इस वजह से उनके चेहरे दिखाई नहीं दिए.

### अभिनेत्री कंगना रनौत के बयान पर विवाद

**आगरा ,12 दिसंबर।** उत्तरर प्रदेश के आगरा जिले की एमपी-एमएलए कोर्ट में आज अभिनेत्री कंगना रनौत से जुड़े केस की सुनवाई होगी. पिछली सुनवाई 28 नवंबर को हुई थी. इसमें अभिनेत्री नहीं पहुंचीं थीं. उनके वकील भी नहीं आए थे. इस पर कोर्ट ने अगली तारीख 12 दिसंबर नियत की थी. दोबारा से कोर्ट ने कंगना के पते पर नोटिस भेजा था. इसमें राष्ट्रद्रोह के आरोपों से घिरी अभिनेत्री को कोर्ट में हाजिर होने का निर्देश दिया गया था. आज अभिनेत्री कोर्ट में हाजिर हो सकती हैं.

# मुठभेड़ में 7 नक्सली ढेर

**नारायणपुर,12 दिसंबर।** बस्तर जिले के नारायणपुर में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच चल रही मुठभेड़ में सात नक्सली मारे गए। जवानों ने मृत नक्सलियों के शव को बरामद कर कर लिया है। मुठभेड़ और सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है। दरअसल, बस्तर संभाग में नक्सल विरोधी सर्च अभियान चलाया जा रहा है। नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि 10 दिसंबर को नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर, कोंडागांव जिले की डीआरजी के साथ एसटीएफ, तथा सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में रवाना हुई थी। 12 दिसंबर



की सुबह 3 बजे से संयुक्त सुरक्षाबलों की टीम और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। तब से लेकर अभी तक नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी है। सर्च ऑपरेशन के दौरान अब तक सात वर्दीधारी नक्सलियों के शव बरामद हो चुके हैं। मुठभेड़ और सर्च अभियान अभी भी जारी है। जिसकी विस्तृत जानकारी अभियान पूरा होने के बाद पृथक से देने की बात एसपी प्रभात कुमार ने अपने प्रेस नोट में कही है।

# 2028 तक छत्तीसगढ़ की जीडीपी 10 लाख करोड़ करने का लक्ष्य : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर,12 दिसंबर।** प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के एक साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को बताते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 'विष्णु की पाती' नाम से जनता के लिए संदेश जारी किया है. इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य 2028 तक छत्तीसगढ़ की जीडीपी 10 लाख करोड़ करने का है. हमारी सरकार इस दिशा में काम कर रही है भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव के साथ उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव, विजय शर्मा सहित मंत्रिमंडल के तमाम सदस्य मौजूदगी में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर मैं अपने मंत्रिमंडल के सभी साथियों को बधाई देता हूँ. संगठन के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को बधाई देता. जनता का आभार जताता हूँ, जिन्होंने ऐतिहासिक जनादेश देकर हमें छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा का अवसर दिया है. इस एक साल को



हमने विश्वास का साल दिया है. मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में अविश्वास का माहौल था. लोकतंत्र पर खतरा मंडरा गया था. लेकिन हमारी सरकार में लोकतंत्र को कायम करने, संविधान की रक्षा करने का काम किया है. मोदी की गारंटी में जो हमने वादें किये थे, उसे हमने एक साल में पूरा करने का सौभाग्य प्राप्त किया है. उन्होंने कहा कि एक साल में सुशासन की सरकार जनता के सामने हमने पेश किया है. भ्रष्टाचार पर लगाम, गुनहगारों पर कार्रवाई, किसानों के साथ न्याय, धान का कटोरा भरा हुआ है, महतारियों का वंदन, गरीबों को पीएम आवास, पीएससी के युवाओं के साथ न्याय यह सब हमारी सरकार के एक साल में हुआ है. मुख्यमंत्री साय के पहले उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि आज से ठीक एक साल पहले विष्णुदेव साय सरकार का गठन हुआ था. जनता ने ऐतिहासिक जनादेश दिया था. इस एक साल में मोदी की गारंटी को हमारी सरकार ने पूरा किया. हमारा नारा था हमने बनाया, हम ही सवारेंगे.

## 3 अरब से ज्यादा की शराब पी गए धमतरी के मदिरा प्रेमी एक साल में

**धमतरी,12 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में मदिरा प्रेमियों ने जमकर जाम छलकाया है. यहां इस साल 300 करोड़ से ज्यादा की शराब बिक्री हुई है. आबकारी विभाग से मिलह जानकारी के मुताबिक, धमतरी में रोजाना एक करोड़ से ज्यादा के शराब की बिक्री होती है. आबकारी विभाग धमतरी जिले को कमाऊ पुत के रूप में देख रहा है. बता दें कि शराब बिक्री से सरकार को सबसे ज्यादा राजस्व की प्राप्ति होती है. इस राजस्व की कमाई में धमतरी का अहम योगदान सामने आया है. बता दें कि धमतरी जिले में 27 शराब दुकानें हैं. इनमें से 11 शहर के भीतर हैं. बीते साल नवम्बर से इस साल नवंबर की बात की जाए तो धमतरी में 3 अरब से ज्यादा रुपए की शराब बिक्री हुई है. आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले साल की तुलना में इस साल 15 फीसदी से ज्यादा शराब बिकी है. आबकारी अधिकारी प्रभाकर शर्मा ने बताया कि धमतरी में साल 2023 की तुलना में शराब की बिक्री साल 2024 में ज्यादा हुई है. पिछले साल जनवरी से नवंबर तक 2 अरब 70 करोड़ 19 लाख 51 हजार 530 रुपए की शराब बिक्री हुई थी. वहीं वर्ष 2024 में नवंबर माह तक एक साल में 3 अरब 12 करोड़ 40 लाख 69 हजार 610 रुपए की शराब बिक्री हुई है. पिछले साल की तुलना में इस साल 15 फीसदी से ज्यादा शराब बिकी है.

## निकाय-पंचायत चुनाव की उल्टी गिनती शुरू, जल्द होगी घोषणा

**रायपुर,12 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकायों के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया है, जबकि पंचायत चुनाव की मतदाता सूची 13 दिसंबर को प्रकाशित होगी। इसके बाद, 16 और 17 दिसंबर (शनिवार-रविवार) को अवकाश रहेगा। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार, आगामी सप्ताह में जिला कलेक्टर नए सिरे से आरक्षण प्रक्रिया पूरी करेंगे। यह प्रक्रिया ओबीसी कल्याण आयोग की सिफारिशों और राज्य कैबिनेट द्वारा पारित आरक्षण संशोधन बिल के आधार पर की जाएगी। इस बार ओबीसी आबादी के अनुपात में आरक्षण तय किया जाएगा। कलेक्टर वार्डों के साथ नगर पंचायत, नगरपालिका अध्यक्ष और महापौर पदों के आरक्षण का निर्धारण करेंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त कार्यालय की तैयारियों से संकेत मिल रहे हैं कि चुनाव घोषणा की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। सूत्रों के अनुसार, 20 दिसंबर के बाद कभी भी चुनाव कार्यक्रम घोषित किया जा सकता है। संभावना है कि 22 या 23 दिसंबर को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर चुनाव की घोषणा की जाएगी। इस बार छत्तीसगढ़ में पहली बार नगरीय और पंचायत चुनाव एक साथ होंगे। दोनों की अधिसूचना एक साथ जारी की जाएगी। हालांकि, वोटिंग के बीच एक सप्ताह का अंतर रहेगा और मतगणना भी अलग-अलग दिनों में होगी। सूत्रों का कहना है कि जनवरी के अंत तक दोनों चुनाव पूरे हो जाएंगे। चुनाव कार्यक्रम को इस तरह तैयार किया गया है कि आचार संहिता का प्रभाव कम से कम पड़े। दिसंबर के अंत में कोई नई योजना या कार्य शुरू नहीं किया जाएगा और जनवरी के पहले पखवाड़े में ही नए साल का प्रभाव रहेगा। अनुमान है कि आचार संहिता जनवरी के अंत तक समाप्त हो जाएगी, जिससे सरकारी कामकाज पर न्यूनतम प्रभाव पड़ेगा।

## भारत के रुख से घबराए युनूस ने 70 लोगों को पकड़ कर जेल में डाला

**ढाका,12 दिसंबर।** बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चिंतित हैं। विदेश सचिव का बांग्लादेश दौरा भी हुआ। जहां उन्होंने अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद युनूस से मुलाकात की और हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर चर्चा की। बाद में विदेश सचिव ने संसदीय कमेटी से मुलाकात कर बांग्लादेश दौरे की जानकारी साझा कर दी कि वहां हो क्या रहा है? विदेश सचिव की यात्रा का असर भी दिखने लगा है। मोहम्मद युनूस अब बैकफुट पर आ गए हैं। अब तक बांग्लादेश में सरकार और प्रशासन ने अपने मुंह पर ताला लगा रखा था। इसका असर भी दिखने लगा है। वो मान रहे हैं कि उनके होते हुए हिंदुओं पर अत्याचार की घटनाएं रोज सामने आ रही हैं। कल तक सुरक्षा देने की बड़ी बड़ी बातें हो रही थी। अब युनूस ने हिंदुओं पर अत्याचार की घटनाओं को स्वीकार किया है। अगस्त में पूर्व प्रधान मंत्री शेख हसीना के प्रस्थान के बाद से बांग्लादेश ने अल्पसंख्यकों, मुख्य रूप से हिंदुओं को निशाना बनाकर सांप्रदायिक हिंसा के 88 मामलों की पुष्टि की है। अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने आंकड़ों का खुलासा किया और कहा कि हमलों के सिलसिले में 70 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## लोहारीडीह कांड : कब्र से निकाला गया कचरू साहू का शव

**कवर्धा,12 दिसंबर।** कवर्धा जिले के बहुचर्चित लोहारीडीह कांड में एक नया मोड़ सामने आया है। जबलपुर हाईकोर्ट के आदेश पर 83 दिन बाद शिव प्रसाद उर्फ कचरू साहू के शव को कब्र से निकालकर दोबारा पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। शव को निकालते समय मृतक की पत्नी और बेटी मौजूद थीं। शव बुरी तरह सड़-गल चुका है, जिससे उसकी पहचान मुश्किल हो रही है।

**सुरक्षा के बीच शव निकाला गया**-घटनास्थल पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की संयुक्त मेडिकल टीम मौजूद रही। शिव प्रसाद का शव बालाघाट जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में 15 सितंबर को फांसी के फंदे पर लटका हुआ पाया गया था। मामले में बालाघाट पुलिस ने रघुनाथ साहू के बेटे, भांजे सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया था।

**क्या है पूरा मामला?**-15



सितंबर को मध्य प्रदेश के बीजाटोला गांव के एक खार में शिव प्रसाद उर्फ कचरू साहू की लाश फांसी के फंदे पर लटकती मिली थी। जांच में यह सामने आया कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि हत्या थी। आरोपियों ने हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फांसी पर लटका दिया था। पुलिस ने रघुनाथ साहू के बेटे दिनेश साहू, भांजे रोमन साहू, टेकचंद पटेल, और राखीलाल साहू को गिरफ्तार किया। सभी आरोपी बालाघाट जिले के बिरसा थाना क्षेत्र के निवासी हैं।

**गांव में बवाल, हत्या के बाद हिंसा**-शिव प्रसाद की हत्या की खबर से लोहारीडीह गांव में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने हत्या का आरोप लगाते हुए रघुनाथ साहू के घर को घेर लिया, उनके परिवार से मारपीट की, और घर में आग लगा दी। रघुनाथ साहू को जिंदा जलाकर मार दिया गया। पुलिस ने इस मामले में गंभीर कार्रवाई करते हुए 168 से अधिक ग्रामीणों के खिलाफ केस दर्ज किया और 33 महिलाओं समेत 69 लोगों को गिरफ्तार किया।

**जेल में कैदी की मौत ने बढ़ाई तनाव**-इस कांड में गिरफ्तार विचाराधीन कैदी प्रशांत साहू की जेल में मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि उसकी मृत्यु पुलिस पिटाई के कारण हुई। इस आरोप ने मामले को और संवेदनशील बना दिया है। फिलहाल, शिव प्रसाद के शव के दोबारा पोस्टमार्टम से नई जानकारी सामने आने की उम्मीद है।



## वन नेशन-वन इलेक्शन बिल को मोदी कैबिनेट की मंजूरी

एक देश, एक चुनाव के विधेयक को गुरुवार को मोदी सरकार ने कैबिनेट बैठक में मंजूरी दे दी है. सूत्रों का कहना है कि अब सरकार इस बिल को सदन के पटल पर रख सकती है. ये विधेयक अगले सप्ताह इसी शीतकालीन सत्र में लाए जाने की संभावना है. सबसे पहले जेपीसी की कमेटी का गठन किया जाएगा और सभी दलों के सुझाव लिए जाएंगे. अंत में यह विधेयक संसद में बिल लाया जाएगा और इसे पास करवाया जाएगा. इससे पहले रामनाथ कोविंद की कमेटी ने सरकार को एक देश, एक चुनाव से जुड़ी अपनी रिपोर्ट सौंपी थी. सूत्रों का कहना है कि लंबी चर्चा और आम सहमति बनाने के लिए सरकार इस विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति (JPC) के पास भेजने की योजना बना रही है. जेपीसी सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा करेगी और इस प्रस्ताव पर सामूहिक सहमति की जरूरत पर जोर देगी. देश में अभी अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग समय पर चुनाव होते हैं. यह विधेयक कानून बनने के बाद देश में एक साथ चुनाव कराए जाने की तैयारी है. सूत्रों ने बताया कि सभी राज्य विधानसभाओं के अध्यक्षों को बुद्धिजीवियों, विशेषज्ञों और सिविल सोसायटी के सदस्यों के साथ अपने विचार साझा करने के लिए कहा जाएगा. इसके अतिरिक्त, आम जनता से भी सुझाव मांगे जाएंगे, जो निर्णय लेने की प्रक्रिया में समावेशिता और पारदर्शिता को बढ़ाएंगे. विधेयक के प्रमुख पहलुओं में इसके लाभ और देशभर में एक साथ चुनाव कराने के लिए जरूरी कार्यप्रणाली पर विचार-विमर्श किया जाएगा. संभावित चुनौतियों का समाधान किया जाएगा और विविध दृष्टिकोणों को एकत्रित किया जाएगा. एक देश, एक चुनाव को बार-बार होने वाले चुनावों से जुड़ी लागत और व्यवधानों को कम करने के लिए एक महत्वपूर्ण सुधार के रूप में देखा जा रहा है. हालांकि सरकार चाहती है कि इस विधेयक को लेकर व्यापक समर्थन हासिल किया जाए. हालांकि, इस प्रस्ताव पर राजनीतिक बहस भी बढ़ सकती है. विपक्षी दल इसकी व्यवहार्यता के बारे में सवाल उठा सकते हैं.

## भू-माफिया पर कसी नकेल, दूसरी तहसील के क्षेत्र में प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराने पर देनी होगी बड़ी रकम

**रायपुर,12 दिसंबर।** प्रॉपर्टी रजिस्ट्री पर राज्य सरकार के नए नियम ने भू-माफिया और संपत्ति की खरीदी-बिक्री करने वालों की नींद उड़ा दी है. दरअसल, अब एक तहसील क्षेत्र की प्रॉपर्टी को अब दूसरे तहसील या ब्लॉक क्षेत्र के पंजीयन दफ्तर में जाकर रजिस्ट्री कराने पर 23,900 रुपए का अतिरिक्त भुगतान करना होगा, जबकि पहले यह काम महज 11 सौ रुपए में हो जाता था. जानकार बताते हैं कि पूर्व में नियम ऐसे लोगों को ध्यान में रखते हुए बनाए गए थे, जो शारीरिक रूप से बीमार हों या फिर दूर का सफर तय नहीं कर सकते थे. उनसे सिर्फ 11 सौ रुपए की फीस लेकर जिले के किसी भी पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्री कर दी जाती थी. यह सहुलियत थी, लेकिन इसका फायदा उठाकर जमीन दलाल और रसूखदार शासन को नुकसान पहुंचाने लगे. इस संबंध में राज्य शासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, 10 दिसंबर से यह नियम लागू हो गया है. जारी अधिसूचना में अनुच्छेद सात के कंडिका क में उल्लेख किया गया है कि रजिस्ट्रार द्वारा किसी भी दस्तावेज के रजिस्ट्रीकरण के लिए अतिरिक्त शुल्क लिया जाएगा. लेकिन जमीन कारोबार से जुड़े लोगों का मानना है कि यह आदेश पर्याप्त और स्पष्ट नहीं है. कंडिका में निर्धारित निर्देश ही बार नियम का आधार है. इस नए नियम को लागू करने के पीछे एक बड़ा कारण यह भी है कि जमीन के कारोबारी अब तक मुख्य सड़क से लगी जमीन की टुकड़ों में रजिस्ट्री कराकर स्टाम्प शुल्क में सेंध लगा रहे थे. इसमें मुख्य मार्ग से लगी जमीन को टुकड़ों में बांट दिया जाता है, जिसमें जमीन का छोटा हिस्सा सड़क से लगे भले ही रहे, लेकिन बड़ा हिस्सा सड़क से अंदर हो जाता है. इस कयावद की वजह से मुख्य मार्ग से लगी कम जमीन की रजिस्ट्री के लिए भले ही अधिक स्टांप शुल्क अदा कर देते थे, लेकिन अंदर के बड़े भू-भाग के लिए बहुत कम स्टाम्प शुल्क लगता था. इसी शुल्क से बचने के लिए लोग शासन के खजाने में सेंध लगा रहे थे. इस गड़बड़ी को रोकने शासन ने नया नियम लागू किया है. इस नई पहल के बाद चाहे कही भी रजिस्ट्री कराए शासन नुकसान की राशि को निर्धारित फीस के जरिए वसूल कर लेगी.

### 150 फीट गहरे बोरवेल में फंसे 5 वर्षीय आर्यन की मौत

**जयपुर,12 दिसंबर ।** राजस्थान के दौसा जिले में 150 फीट गहरे बोरवेल में फंसे 5 वर्षीय आर्यन को बचाने के सभी प्रयास नाकाम हो गए। उसने बोरवेल में भी बुधवार रात को दम तोड़ दिया।आर्यन पिछले 57 घंटे यानी 2 दिन से अधिक समय तक बोरवेल में ही फंसा था। उसे पाइप के जरिए ऑक्सीजन दी जा रही थी।बुधवार रात 11:45 बजे उसे बेहोशी हालत में रस्सी के सहारे बाहर निकाला गया और अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।आर्यन सोमवार 9 दिसंबर को घर के बाहर खेल रहा था, तभी 100 फीट दूर 150 फीट गहरे बोरवेल में गिर गया। हादसे के समय आर्यन अपनी मां के साथ खेल रहा था।आर्यन की मां ने उसे पकड़ने की कोशिश की, लेकिन तब तक वह गड्ढे में गिर चुका था।

## अचानक चार साल बाद हाथरस रेप पीड़िता के परिजनों से बूलगढ़ी में मिले राहुल गांधी

**नई दिल्ली,12 दिसंबर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी गुरुवार को उत्तर प्रदेश के हाथरस के बूलगढ़ी गांव पहुंचे और 2020 सामूहिक बलात्कार पीड़िता के परिवार से मुलाकात की। 19 वर्षीय लड़की के साथ 14 सितंबर, 2020 को कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया गया था। 29 सितंबर, 2020 को दिल्ली में इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पीड़िता के परिवार ने आरोप लगाया था कि पुलिस ने उन्हें रात के अंधेरे में अंतिम संस्कार करने के लिए मजबूर किया था। हालांकि, पुलिस अधिकारियों ने ऐसे किसी भी दावे से इनकार किया था। 2020 में भी राहुल गांधी ने परिवार से मुलाकात की और योगी आदित्यनाथ सरकार पर पीड़ित परिवार पर शोषण और अत्याचार करने का आरोप भी लगाया था। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कांग्रेस सांसद के हाथरस दौरे पर बोलते हुए कहा कि वह लोगों को भड़काने के लिए ऐसा कर रहे हैं और उन्हें हताशा का शिकार बताया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी आपमें निराशा का भाव है, आप हताशा के शिकार हैं।

**रोलबाल : चौथा एशियाई चैंपियनशिप 2024, गोवा में 16 से 19 दिसंबर तक** jasclaudius@gmail.com

# भारत में आविष्कृत खेल अब नई ऊंचाइयों की ओर

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

प्राचीनकाल से मनुष्य अपने नियमित कार्यों को समाप्त कर लेने के बाद मनोरंजन की तलाश में रहा है। इस दिशा में खेलकूद के क्षेत्र को मानव जाति द्वारा सदैव प्रमुखता दी गई।

एक सैनिक, कृषक, मजदूर या वैज्ञानिक, लेखक सभी इस बात की खोज में रहे हैं कि दिनभर के कार्यों की समाप्ति के बाद समय गुजारने, मस्तिष्क को तरोताजा रखने या मनोरंजन के लिए कुछ अलग तरह की गतिविधि में शामिल हुआ जाए। इसमें खेलकूद को प्राथमिकता दी जाती रही है। इसका परिणाम आज यह है कि संसार के लगभग 225 से ज्यादा देशों में कम से कम 800 ऐसे खेल खेले जाते हैं जिनके नियम बने हुए हैं। गेंद और हाथ से जल,नभ और धरती पर अनेक खेलों की खोज मनुष्य द्वारा की गई और जिसे खेला जा रहा है। गेंद और हाथ के खेलों में एक समय था जब व्हालीबाल, बास्केटबाल, वाटरपोलो, हैंडबाल आदि खेल प्रमुख रूप से खेले जाते थे परंतु समय में परिवर्तन और तथा मनोरंजन के लिए मनुष्य की चाहत ने अनेक आकर्षक खेलों को जन्म दिया। पैरों में स्केट को बांधकर भागने का जमाना आया तो स्टेकिंग की स्पर्धा शुरू हुई लेकिन बात यही तक थमी नहीं। भारत में भी प्रतिभाओं और खोजकर्त्ताओं की कमी नहीं रही। जिसका प्रमाण है कि कुछ खेलों को आज भी भारत में जन्म लेना स्वीकार किया जाता है। उनमें प्रमुखतः शतरंज, तलवारबाजी, मल्लयुद्ध, कुश्ती, तैराकी, पचीसा,ताश, कबड्डी, खो-खो, रथ दौड़, सांप-सीढ़ी आदि प्रमुख हैं। आधुनिक युग में नये खेलों की खोज में भारत के कुछ लोग प्रयासरत रहे और आखिरकार पुणे के निकट रहने वाले राजू दभाड़े जो कि व्यायाम शिक्षक थे वे स्केटिंग के माध्यम से 1999 के आसपास से शहरी इलाके के घरों में पेपर बांटा करते थे। उन्होंने गेंद और स्टेकिंग के सहारे रोलबाल खेल का अविष्कार किया।

राजू दभाड़े एक सच्चे देशभक्त और खेलकूद को मानव जीवन का जरूरी हिस्सा मानते थे। जब




वे अपने प्रशिक्षणार्थियों को स्केटिंग सीखा रहे थे तभी बाजू वाले बास्केटबाल कोर्ट में अभ्यास कर रहे खिलाड़ियों से गेंद छूटी और गेंद राजू के पास आई जिसे उन्होंने स्टेकिंग करते हुए वापस बास्केटबाल के कोर्ट में वापस भेजा। ऐसा कई बार हुआ आखिरकार राजू यह सोचने पर मजबूर हो गये कि स्केटिंग व गेंद के सामांजस्य से नया खेल क्यों नहीं बन सकता? फिर क्या था राजू दभाड़े के जूनन, लगन, समर्पण के कारण आखिरकार 2003 से 2005 तक नये खेल जिसे उन्होंने रोलबाल का नाम दिया उसका जन्म हो गया। वास्तव में यह खेल हैंडबाल, थ्रोबाल, स्केटिंग, बास्केटबाल का मिला जुला रूप है। राजू दभाड़े और उनके सहयोगियों के अथक के प्रयास से 2005 तक इस खेल के नियम आदि तैयार हो गये। इस तरह 21 वीं सदी में भारत ने विश्व को एक नये खेल को प्रस्तुत किया।

रोलबाल का खेल कड़े सतह पर आउटडोर व इंडोर दोनों ही जगह खेला जा सकता है और खेल बहुत तेज गति से होता है अतः आज रोलबाल विश्व के सबसे तेज खेल में एक खेल सम्मिलित हो गया है। इस खेल का आकर्षण आज के युवा वर्ग में बड़ी तेजी से बढ़ रहा है। जिसकी वजह से यह खेल भारत के लगभग सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों तक फैल गया है। भारत में अविष्कृत यह खेल अब संसार के सभी महाद्वीपों तक पहुंच चुका है और 60 से 65 देशों में इस खेल के राष्ट्रीय संघ को मान्यता दी जा चुकी है। अब तक रोलबाल के 6 विश्वकप तथा तीन एशिया कप संपन्न हो चुके हैं। इसकी लोकप्रियता देखते हुए सभी महाद्वीपीय संघों को मान्यता दी जा चुकी है और अब रोलबाल के खेल को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ द्वारा मान्यता दिये जाने के लिए प्रयास जारी है। गोवा में चौथे एशियाई चैंपियनशिप का आयोजन आगामी 16 से 19 दिसंबर 2024 तक आयोजित किया रहा है। इस तरह एक सच्चे भारतीय, सरल इंसान राजू दभाड़े की मेहनत रंग ला रही है और रोलबाल की लोकप्रियता निरंतर बढ़ती जा रही है।

## एक नजर

### कार डिप्टी सीएम के काफिले में घुसी,कार्रवाई



**भिलाई, 12 दिसंबर।** भिलाई उप मुख्यमंत्री अरुण साव के काफिले में अचानक एक फर्जी नीली बत्ती इनोवा ने सेंध लगा दी फालो गार्ड ने संदेह होने पर ट्रैफिक पुलिस को जानकारी दी यातायात पुलिस ने रिसाली निवासी 28 वर्षीय दया राजपूत से पूछताछ की उनसे बताया कि वह राजाराव पठार मेले में बुकिंग पर गया था सोचा कि उपमुख्यमंत्री के काफिले के पीछे जल्द दुर्ग पहुंच जाएगा, इसलिए उसने अपनी गाड़ी काफिले पीछे लगा दी ट्रैफिक पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया है मामले में आगे की कार्रवाई के लिए सुपेला थाना पुलिस को सौंप दिया गया है उतई टीआई विपिन रंगारी ने बताया कि 10 दिसंबर को उप मुख्यमंत्री बालोद जिले के राजाराव पठार मेले में शामिल होने के बाद दुर्ग जिले के जामुल नगर पालिका में विकास कार्यों के भूमिपूजन के लिए रवाना हुए। जब उनका काफिला बालोद से निकला तो रास्ते में अचानक एक नीली बत्ती लगी इनोवा कार (सीजी 07 सीजे 9968) उनके काफिले के साथ चलने लगी डिप्टी सीएम के फोलो गार्ड को संदेह हुआ तो उसने दुर्ग पुलिस को सूचना दी दुर्ग पुलिस अलर्ट हुई सुरक्षा ड्यूटी में लगे ट्रैफिक एएसआइ राजकुमार दुबे तुरंत हरकत में आए और कार को रोका संदेह पर यातायात पुलिस ने वाहन को रुकवाया काफिले के साथ जल्दी दुर्ग पहुंचना चाहता था चालक।

### अनाचार के मामले में युवक गिरफ्तार

**भिलाई, 12 दिसंबर।** भिलाई शादी का झांसा देकर युवती से अनाचार करने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 64 (1), 69 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि आरोपी सेक्टर 6 निवासी सुनील ठाकुर ने युवती को शादी का झांसा देकर 2020 से जुलाई 2024 तक अपने घर में रखकर लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा। आरोपी ने पीड़िता के पिता के साथ मारपीट करने पर उसने शादी करने से इंकार कर दिया था उसके बाद से आरोपी युवक फरार था। शिकायत के बाद पुलिस ने सुनील ठाकुर को गिरफ्तार किया है ।

### हैलो फ्रेंड ब्राह्मण सखियों के समूह ने हरित कुंभ के लिए थाली एवं थैलों का किया दान



**भिलाई, 12 दिसंबर।** हैलो फ्रेंड ब्राह्मण सखियों के समूह की मातृशक्ति द्वारा प्रयागराज में लगने वाले पवित्र कुंभ को हरित कुंभ एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन जागरण के दृष्टिकोण से 125 थाली एवं 125 थैले का दान दिया गया। इस मातृशक्ति के समूह की सोच है की कुंभ में कम से कम प्लास्टिक उत्पादों का प्रयोग हो इसीलिए थाली और थैले लेने के साथ ही यह जागरुकता आये की कुंभ में प्लास्टिक उत्पादों के उपयोग ना किया जा सके । श्रेष्ठ तीर्थ प्रयागराज के पवित्र महाकुंभ को पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से हरित कुंभ बनाने के लिए हेलो फ्रेंड ब्राह्मण सखियों के समूह की मातृशक्ति द्वारा प्रयागराज में लगने वाले पवित्र कुंभ को हरित कुंभ एवं पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से 125 थाली एवं 125 थैले का दान दिया गया। इस पवित्र अभियान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पर्यावरण संरक्षण गतिविधि द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें संपूर्ण भारत से थैला और थाली दान के रूप में एकत्रित कर प्रयागराज कुम्भ मेला समिति को भेजे जा रहे हैंद्य यह थैला तीर्थयात्रियों को प्लास्टिक का समान चिप्स के पैकेट बिस्कुट और पानी की बोतल आदि सामान रखने के लिए और स्टील की खंड वाली थालियां कुंभ मेले में भोजन व्यवस्था में उपयोग करने हेतु प्रदान की जा रही है, जिससे 75 देशों से आने वाले लगभग 40 करोड़ आगंतुक, भोजन व्यवस्था में केवल स्टील की थाली को उपयोग में लेंगे और किसी प्रकार का डिस्पोजेबल प्लेट दोना पत्तल का उपयोग नहीं करेंगे, जिससे लगभग 40000 टन होने वाले कचरे में से 20000 कचरे को कम किया जा सके । पर्यावरण संरक्षण गतिविधि जिला दुर्ग द्वारा 10 दिसंबर तक समाज द्वारा दिए गए दान को कुंभ समिति को भेज भेज दिया जायेगा जिससे कुंभ मेला समिति और कुंभ मे होने वाली भोजन व्यवस्था हेतु इसे वितरण किया जा सके। समाज में उपस्थित सामाजिक धार्मिक संगठन एवं सेवा भाव से सहयोग करने वाले व्यक्ति संघ की शाखाओं के माध्यम से इस अभियान में भाग ले सकते हैं। इस अभियान में समूह की मातृशक्तियो एवं समूह की अध्यक्ष सुनीता तिवारी, अनुज नारद पर्यावरण गतिविधि, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भिलाई नगर एवं अंजनी कुमार द्विवेदी उपस्थित रहे ।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की जनसभा में दुर्ग जिले से शामिल होंगे 10000 से अधिक भाजपा कार्यकर्ता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**उतई,12 दिसंबर।** आगामी 13 दिसंबर को विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की जनसभा में दुर्ग जिले से बड़ी संख्या में भाग लेने के लिए जिला कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से दुर्ग जिला संगठन प्रभारी राजीव अग्रवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, ग्रामीण विकास एवं पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण उपाध्यक्ष ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू, जागेश्वर साहू, पूर्व विधायक सावलाराम डहरे, बालमुकुंद देवांगन, प्रितपाल बेलचंदन, शिव चंद्राकर, कांति लाल बोथरा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार पाध्ये, डॉ. मानसी गुलाटी मंचस्थ रहे। बैठक को संबोधित करते हुए दुर्ग जिला संगठन प्रभारी राजीव अग्रवाल ने कहा कि दुर्ग जिला के कार्यकर्ताओं ने हमेशा इतिहास रचा है, जब हम विपक्ष में थे तब भी हमने प्रदेश स्तर पर होने वाली बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग की राष्ट्रीय नेताओं की आमसभा में हमेशा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है, जिसमें दुर्ग जिले की संख्या अन्य जिलों की अपेक्षा ज्यादा रही है। विष्णुदेव सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होने वाली आम सभा में भी दुर्ग को इतिहास रचना है। ग्रामीण विकास प्राधिकरण एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि दुर्ग जिले के कार्यकर्ताओं के परिश्रम से केंद्र में तीन तीन बार सरकार बनाने में सफल रहे हैं, तीन बार डॉ. रमन सिंह की सरकार और वर्तमान में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार बनाने में भी कार्यकर्ताओं का बहुमूल्य योगदान मिला, सबके परिश्रम से ही आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में भाजपा को जाना जाता है। दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एवं नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कमर कस लें, लोकसभा और विधानसभा चुनाव नेताओं का चुनाव था और अब कार्यकर्ताओं का चुनाव आने वाला है और नेताओं की यह जिम्मेदारी रहेगी कि वह अपने कार्यकर्ताओं को नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में जीत दिलवाएं। चुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी की जीत हर हाल में हो इसके लिए आप सभी की सामूहिक जिम्मेदारी रहेगी। पार्टी किसको टिकट देती है किसको नहीं देती है, इसे किनारे करके सिर्फ हमें अधिकृत प्रत्याशी को जीताना है। आगामी 13 तारीख को आयोजित होने वाली आमसभा में हमारा जिला संख्या बल के मामले में अग्रणी रहे इस की चिंता हम सभी को मिलकर करना है। पहले की तरह आमसभा में दुर्ग जिला अधिक से अधिक संख्या लेकर जाए इसका संकल्प लें।

### मोबाइल लूटने वाला युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 12 दिसंबर।** भिलाई मोबाइल लूट कर फरार होने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि वृंदा नगर कैम्प 1 निवासी वासुदेव वर्मा नेसुबह अपने काम से निकला था इस दौरान भिलाई नर्सिंग होम कांट्रेक्टर कालोनी के पास दो युवक बाइक से पहुंचे और मोबाईल झपटा मारकर लेकर फरार हो गए संदेही घासीदास नगर जामुल निवासी हेमंत कुर्रे को घेराबंदी कर पकडा गया।

## हर घर तिरंगा विषय पर नराकास स्तरीय निबंध प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत



**भिलाई, 12 दिसंबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र, राजभाषा विभाग द्वारा हर घर तिरंगा विषय पर नराकास स्तरीय निबंध प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह 10 दिसंबर को इस्पात भवन में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रवर अधीक्षक (डाकघर), दुर्ग संभाग बी एल जांगड़े थे। निर्णायकगण, संयुक्त महाप्रबंधक (राइट्स लिमिटेड भिलाई) राकेश श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (परियोजनाएँ) हरप्रीत सिंह एवं महाप्रबंधक (सीईटी-सेल भिलाई) सौरभ कुमार राजा थे। स्वागत उद्बोधन महाप्रबंधक (संपर्क व प्रशासन एवं प्रभारी राजभाषा) एवं सचिव (नराकास) भिलाई-दुर्ग श्री सौमिक डे ने प्रस्तुत किया। विभाग प्रमुख महाप्रबंधक (जनसम्पर्क, संपर्क एवं प्रशासन) अमूल्य प्रियदर्शी ने कहा कि, भिलाई इस्पात संयंत्र राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति सदैव ही सजग एवं गंभीर है। मुख्य अतिथि प्रवर अधीक्षक (डाकघर) बी एल जांगड़े ने कहा कि, भिलाई इस्पात संयंत्र ने हमेशा ही उत्कृष्टता की उज्जवल परंपरा को कायम रखा है। प्रतियोगिता के पुरस्कार विजेता इस प्रकार रहे प्रथम- व्याख्याता (शिक्षा विभाग,बीएसपी) केदार नाथ सोनबेर, द्वितीय- लिपिक (बैंक ऑफ बड़ौदा) क्षेत्रीय कार्यालय, दुर्ग सुश्री सिन्धुजा पाथुरी तथा तृतीय- उप महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा, बीएसपी) सुश्री अमृता गंगराडे। प्रोत्साहन पुरस्कार विजेता- प्रबंधक (वित्त एवं लेखा, बीएसपी) श्री अलंकार समद्दार, जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट (ब्लास्ट फर्नेस, बीएसपी) किशोर कुमार साव, सीनियर टेक्नीशियन (राजहरा खदान, बीएसपी) संतोष कुमार ठाकुर, जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट (वायर रॉड मिल, बीएसपी) सुमन हाटी एवं वरिष्ठ अध्यापक (शिक्षा विभाग, बीएसपी) सुश्री वर्चला शर्मा रहीं। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने किया।

### आयुक्त के निर्देश के बाद उद्यानों को साफ-सुथरा बनाने चला अभियान

**भिलाई, 12 दिसंबर।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में 150 से अधिक उद्यान है उन उद्यानों में साफ सफाई के लिए विशेष गैंग के द्वारा कार्ययोजना बनाकर अभियान चलाया जा रहा है आज नेहरू नगर के गणेश उद्यान में सफाई अभियान चलाया गया। भिलाई शहर के सभी जोन क्षेत्र में उद्यानों का निर्माण किया गया है। जहां पर आस-पास के वरिष्ठ नागरिकगण, बच्चे आदि खेलने, टहलने एवं व्यायाम करने आते रहते है। उद्यान साफ-सुथरा एवं हरा भरा रहने से पर्यावरण भी सुन्दर रहता है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय का सख्त निर्देश है कि सभी उद्यानों में कैलेंडर बनाकर के सफाई अभियान चलाया जाए। नगर निगम भिलाई के उद्यान साफ सुथरे हो, हरे-भरे हो, उसमें बराबर पानी मिले, खाद मिले जिससे हरियाली बनी रहे। इसके साथ ही नागरिकों से भी अपील है कि किसी प्रकार की गंदगी ना फैलाएं, पेड़ पौधों को ना तोड़े, उसे साफ सुथरा रखें।

## भविष्य तय करती है विद्यार्थी जीवन में की गई मेहनत : जैन

**भिलाई, 12 दिसंबर।** छात्र व पालकों के परामर्शदाता चिरंजीवी जैन ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुगदा में कक्षा 10वीं, 11वीं व 12वीं के छात्र/छात्राओं के लिए करियर काउंसलिंग का एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें उन्होने छात्र/छात्राओं को अपनी क्षमता व रुचि के अनुरूप करियर चयन के लिए मार्ग दर्शन दिये। उन्होने छात्र/छात्राओं को यह बताया कि 16 से 25 वर्ष की उम्र विद्यार्थियों के जीवन में विशेष स्थान रखती है और इस उम्र में की गई मेहनत ही भविष्य के जीवन के मार्ग को प्रशस्त करती है। इस कार्यक्रम में कुछ प्रेरणादायी वीडियो का भी प्रदर्शन किया गया। इन वीडियो में यह दिखाया गया कि अपनी दृढ़ शक्ति से समाज के निम्न तबके के परिवार के बच्चे भी आई.ए.एस., आई.पी.एस. या डॉक्टर बनकर अपने साथ-साथ अपने परिवार व देश का नाम रोशन कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं के द्वारा करियर सम्बन्धी और आगामी परीक्षओं से सम्बन्धित पूछे गये प्रश्नों का भी श्री जैन ने बहुत ही सुन्दर ढंग से उत्तर दिया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के संस्था प्रमुख सोमेन कुंडू ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत कर अपने और अपने परिवार के साथ-साथ समाज व देश का नाम रोशन करने के लिए कड़ी मेहनत करने प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में संकुल समन्वयक कौशलेन्द्र भारद्वाज तथा विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता संजीव कुमार देवांगन व अन्य व्याख्याता गणों ने भी उपस्थित रहकर अपना सहयोग दिया।




## नगर पालिका कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 12 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा नगरीय निकायों में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया गया है जिसके तहत अपनी माँगो को लेकर व संघ के आव्हान पर नगर पालिका के नियमित कर्मचारी दिनांक 12 नवंबर से 14 नवंबर तक 3 तीन दिवस तक बिलासपुर स्थित नेहरू चौक विकास भवन में हड़ताल पर रहे। माँग पूरा नहीं होने के कारण आज दिनांक 11 दिसम्बर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये है हड़ताल अवधि में निकाय के आज सभी कार्य बंद रहा। हड़ताल में चले जाने से मूलभूत सुविधा में भी असर पड़ा है।

**माँगों को लेकर नियमित व प्लेसमेंट कर्मचारी कर रहे है प्रदर्शन**

कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष बद्रीराम साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश नगरीय निकाय अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ से प्राप्त निर्देश के परिपालन एवं नगरीय निकाय की महासंघ बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार हड़ताल में सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे है हड़ताल में जाने की सूचना नगर पालिका अध्यक्ष महोदय व मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सौंपा दिया है।

## सेलूद के 24 कुंडीय महायज्ञ के तृतीय दिवस की अतिथि मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े होंगी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,12 दिसंबर।** ग्राम सेलूद में आयोजित 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, विराट महिला सम्मेलन और श्रीमद प्रज्ञा महापुराण कथा दिनांक 02 जनवरी 2025 से 5 जनवरी 2025 तक के आयोजन के तृतीय दिवस दिनांक 04 जनवरी को केबिनेट मंत्री श्रीमति लक्ष्मी राजवाड़े जी महिला बाल विकास विभाग शामिल होंगे । अतिथि ने महायज्ञ में आने की स्वीकृति प्रदान किया है । ग्राम सेलूद में सनातन पर्व के अवसर पर भव्य महायज्ञ का आयोजन होने जा रहा है । जिसकी व्यापक तैयारी चल रही है । सेलूद ग्राम में पहली बार 24 कुण्डीय महायज्ञ होने जा रहा है जिसमें शामिल होने के लिए पूरे क्षेत्र की जनता के साथ साथ राजनेताओ का भी आगमन होने जा रहा है । चारों दिवस में अलग अलग धार्मिक मूर्धन्य के साथ साथ दोनो ही पार्टी के वरिष्ठ नेता गन पहुंचने वाले है । तृतीय दिवस के दिन महायज्ञ के साथ साथ विराट महिला सम्मेलन का कार्यक्रम होगा । श्रीमति राजवाड़े जी को आमंत्रित करने के लिए पूर्व केबिनेट मंत्री श्रीमति रमशीला साहू, पूर्व विधायक डॉ दयाराम साहू, समन्वयक अशोक सिंग, सह संयोजक संजय यदु, अजय सिंग ठाकुर, खेमलाल साहू उपस्थित रहे ।

## बंधवा तालाब की जनसहयोग से की गई सफाई



**भिलाई-03।** छ.ग.शासन नगरीय प्रशासन विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुसार राज्य शासन के एक वर्ष के कार्यकाल को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के उपलक्ष्य में नगर निगम भिलाई चरौदा क्षेत्रांतर्गत विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसके तहत मंगलवार को भिलाई 03 के बंधवा तालाब की सफाई का कार्य किया गया। इस कार्य में निगम स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम के अलावा क्षेत्र के नागरिकों ने भी सहयोग प्रदान किया । वरिष्ठ कार्यालय द्वारा जैसा कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 09 दिसंबर से लेकर 13 दिसम्बर के मध्य स्वच्छता पखवाड़ा । आयोजित करने के निर्देश पर भिलाई चरौदा निगम की ओर से स्वच्छता जागरूकता रैली एवं तालाबों की सफाई किये जाने के साथ नागरिकों में सफाई के महत्व को समझना है ।

## महिला सहकारिता प्रकोष्ठ की संयोजक बनीं जया रेड्डी



**भिलाई, 12 दिसंबर।** सहकार भारती प्रदेश अध्यक्ष डॉ लक्ष्मीकांत द्विवेदी की स्वीकृति एवं प्रदेश महामंत्री करुणानिधि की अनुशंसा से जिला अध्यक्ष सहकार भारती भिलाई दुर्ग महानगर द्वारा समाजसेवी श्रीमति टी. जया रेड्डी को स्वयं सहायता समूह प्रकोष्ठ एवं महिला सहकारिता प्रकोष्ठ सहकार भारती का दुर्ग भिलाई महानगर का जिला संयोजक पद पर नियुक्त किया गया है।

## शहर की पहचान होगा रामनगर का मुक्तिधाम,जल्द लेगा आध्यात्मिक स्वरूप



**भिलाई, 12 दिसंबर।** वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने रामनगर मुक्तिधाम को कुछ इस तरह वेल डेवलप्ड करने की पहल शुरू की है जो मुक्तिधाम की सारी धारणा अवधारणा और सोच को न सिर्फ बदल देगा बल्कि उनका मानना है कि सब कुछ प्रोजेक्ट के मुताबिक सकारात्मक रहा तो बहुत जल्द रामनगर मुक्तिधाम का यह विशेष स्वरूप भी भिलाई की पहचान में शुमार होगा। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि रामनगर मुक्तिधाम पर्यावरण को ध्यान में रखकर प्रदूषण मुक्त वेल डेवलप्ड बनाया जाएगा। यहां गार्डन, वातानुकूलित बड़े हाल, पेड़ पौधे, भगवान की प्रतिमाएं, फव्वारा, प्रार्थना कक्ष, वातानुकूलित शोक सभा हाल, क्रियाकर्म पश्चात होने वाले आयोजन के लिए बड़े कक्ष, साउंड सिस्टम से लैस एलईडी स्क्रीन के साथ मुक्तिधाम को विशेष आध्यात्मिक स्वरूप में संजोया जाएगा। मुक्तिधाम को देवी-देवताओं व धार्मिक चिन्हों की कृतियां, इको फ्रेंडली और सुंदर उपवन के रूप में विकसित किया जाएगा, जो एक तरह से पर्यटन स्थल का भी स्वरूप होगा। मुक्तिधाम के शवदाह गृह को भी इको फ्रेंडली बनाया जाएगा। परिसर में खेल मैदान भी होगा, जहां आस-पास के बच्चे विभिन्न खेल का अभ्यास कर सकेंगे। विधायक रिकेश ने बताया कि शहर के उद्योगपति अजय चौहान ने पाँच से दस करोड़ रुपए से इस प्रोजेक्ट को अकेले पूरा करने का बीड़ा उठाया है। उनका कहना था कि निगम पर लकड़ी का अधिभार भी नहीं होगा, बस निगम उन्हें गोबर उपलब्ध कराए ताकि मशीन लगा कर अंतिम संस्कार में लकड़ी की बजाय गोबर के उपलों की ढलाई कर गोबर स्टिक से अंतिम संस्कार किया जा सके। नगर निगम कमिश्नर से चर्चा कर इस प्रयास को कलेक्टर ने भी स्वीकृति दी है। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि प्रोजेक्ट के अनुसार रामनगर मुक्तिधाम में वातानुकूलित प्रार्थना हाल होगा जिसमें अंतिम संस्कार का क्रियाकलाप एक बड़े स्क्रीन पर लाईव लोग देख सकेंगे। रामनगर मुक्तिधाम का भव्य प्रवेश और निकास द्वार होगा। टाइल्स और मार्बल से सुसज्जित श्रद्धांजलि सभा कक्ष सहित अंतिम संस्कार के बाद के कार्यक्रम हेतु हाल, गार्डन सहित पूरा क्षेत्र अत्यधिक स्वच्छ होगा। एयरपोर्ट की तर्ज पर इसमें वाशरूम भी होंगे। लोग जैसे ही मुक्तिधाम में प्रवेश करेंगे उनको एहसास होगा कि किसी उच्च संस्थान में पहुंचे हैं। पूरे परिसर को साफ रखने लगभग 25 लोग हाउसकीपिंग में रखे जाएंगे। मुक्तिधाम इतना वेल डेवलप्ड होगा कि बाहर से लोग मुक्तिधाम देखने आएंगे।

## सेल एनवायरमेंट पॉलिसी एंड इनिशिएटिव बाई बीएसपी पर सत्र आयोजित



**भिलाई, 12 दिसंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के पर्यावरण प्रबंधन विभाग के सहयोग से रिफ्रेक्टरी इंजीनियरिंग विभाग द्वारा सेल पर्यावरण नीति और बीएसपी द्वारा पहल (सेल एनवायरमेंट पॉलिसी एंड इनिशिएटिव बाई बीएसपी) पर एक सत्र आयोजित किया गया। सहायक महाप्रबंधक अमित रॉय ने कार्यक्रमों की संक्षिप्त जानकारी साझा की। उप महाप्रबंधक सतीश कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ प्रबंधक मोहित कुमार, प्रबंधक सुश्री फिलोमिना एक्का, प्रबंधक पुष्पेंद्र सिंह एवं कनिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार पांडे ने इस सत्र के माध्यम से प्रतिभागियों द्वारा प्राप्त ज्ञान पर अपने विचार साझा किये। सहायक महाप्रबंधक अमित रॉय ने सत्र का संचालन किया।

# उद्यान अधिकारी से मारपीट करने वाले सफाई कर्मी को आयुक्त ने किया निलंबित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 12 दिसंबर।** नगर निगम भिलाई के सफाई कर्मचारी संतोष कुमार द्वारा उद्यान अधिकारी तुलेश्वर साहू के साथ गाली गलौज मारपीट करने के कारण निगम आयुक्त ने निलंबित दिया है। नगर निगम भिलाई का उद्यान विभाग में कार्यरत नियमित कर्मचारी संतोष कुमार अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही बढ़ती जा रही थी। शराब पीकर ड्यूटी पर आकर काम नहीं करता था, उसके खिलाफ उद्यान अधिकारी द्वारा बार-बार चेतावनी देने के बाद भी नहीं मानता था। काम नहीं करने के कारण जब उसका वेतन काटा गया तो गाली गलौज झगड़ा मारपीट पर उतारू हो गया। इस बात की शिकायत आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के पास गई उन्होंने सफाई कामगार के कृत को घोर अनुशासनहीनता एवं उदासीनता का परिचायक मानते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण अधिनियम 1956 के नियम तीन के कंडिका 1,2,3 के विरुद्ध आचरण को मानते उसको कारण बताओ का नोटिस 9.12.24 को जारी गया। उसका जवाब संतोष पद नहीं पाए जाने के कारण उसके कृत को अनुशासनहीनता मानते हुए 10 12.2024 को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन के दौरान जोन क्रमांक 4 शिवाजी नगर में पदस्थ रहेगा। वहीं पर अपना हाजिरी लगाएगा। निलंबन के दौरान नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा। आयुक्त पाण्डेय द्वारा सभी कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है, कि किसी प्रकार का अभद्रता अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सबको समय पर आना है अपने विभाग में उच्च अधिकारियों द्वारा दिए गए दायित्व को करना है। सबके साथ सिविल सेवा आचरण अधिनियम के अंतर्गत व्यवहार करना है। चाहे जनता हो, अधिकारी हो, या जनप्रतिनिधि हो सबके साथ अच्छे आचरण से पेश आना है।

## फ्लाइट ऑफ स्टील स्कल्पचर का निर्माण कार्य पूर्णता की ओर

**भिलाई, 12 दिसंबर।** इस्पात निर्माण की नई ऊंचाइयों को छू लेने की परिकल्पना से अग्रसर सेल की महत्वपूर्ण इकाई भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य द्वार के प्रवेश मार्ग के इक्विपमेंट चौक पर पूर्व में 'फ्लाइट ऑफ स्टील स्कल्पचर स्थापित किया गया था7 फ्लाईओवर निर्माण की प्रक्रिया में विस्थापित होने के कारण अब इसकी पुन: स्थापना जयंती स्टेडियम के ठीक सामने मैदान पर न्यू स्कल्पचर न्यू लोकेशन के नाम से अंतरराष्ट्रीय मूर्तिकार जतिन दास के निर्देशन में किया जा रहा है।

# नगर पालिका पर मंडराया काला साया

## दो पूर्व सीएमओ,दो इंजीनियर व लेखपाल हुए निलंबित, वर्तमान सीएमओ भी निलंबन के कटघरे में

- नगर पालिका के प्रशासनिक अधिकारियों पर राज्य शासन की ताबड़तोड़ कार्रवाई
- कांग्रेस के कुशासन में हुए भ्रष्टाचार को विष्णुदेव के सुशासन ने किया उजागर - रामजी भारती




**डोंगरगढ़ 12 दिसंबर।** कांग्रेस शासन काल में हुए व्यापक भ्रष्टाचार को लेकर की गई शिकायत पर राज्य शासन ने तत्कालीन सीएमओ यमन देवांगन, प्रमोद शुक्ला, इंजीनियर रितेश स्थापक, किशोर ठाकुर व लेखपाल दीपा भीवगड़े को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन की अवधि में चारों अधिकारी मुख्यालय संयुक्त संचालक नगरी प्रशासन एवं विकास क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग नियत किया गया है। पत्र में कहा गया है कि,उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

अवर सचिव छत्तीसगढ़ शासन नगरी प्रशासन एवं विकास विभाग रायपुर की ओर से जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि उपरोक्त सभी अधिकारी पद स्थापना के दौरान वर्ष 2022-23 एवं 23 24 में अध्यक्ष/ पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड क्रमांक 7, 9, 15, 20, 21, 22 में नलकूप खनन कार्य वार्ड क्रमांक 10 में डॉक्टर भीमराव सामुदायिक भवन में वृहद आकार की घड़ी की स्थापना कार्य, वार्ड नंबर 6 में नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 8 में उद्यान निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 9 में इंटरलॉकिंग पेपर ब्लॉक कार्य,वार्ड क्रमांक 11 में नाली रोड मुक्तिधाम में स्टोर रूम निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 12 में नाली रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 14 में सीसी रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 19 में आरसीसी नाली निर्माण, सीसी फ्लोरिंग कार्य, वार्ड क्रमांक 21 में पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य, वार्ड क्रमांक 23 जिम सामग्री क्रय कार्य, पानी टंकी में मोटर पंप स्थापना कार्य, वार्ड क्रमांक 23 में मंच निर्माण कार्य,हेतु निविदा समिति में लेखपाल को समाहित नहीं किया गया। जिससे कि वित्तीय परीक्षण प्रश्ननाधीन है। प्लेसमेंट कर्मचारियों को प्रभारी लिपिक का दर्जा देते हुए निविदा समिति में सदस्य बनाए जाने, विभिन्न कार्यों में बिना गुणवत्ता परीक्षण बगैर टेस्ट रिपोर्ट के अनियमित भुगतान की कार्रवाई करने, समस्त कार्यों में प्रयुक्त होने वाले लोहे का विवरण माफ पुस्तिका में इंद्राज नहीं कर मैन्युअल प्रावधानों के विपरीत कार्य करने, घड़ी स्थापना कार्य में बगैर वित्तीय स्वीकृति के भुगतान करने तथा 14वें वित्त आयोग मद अंतर्गत वर्ष 2020-21 में वार्ड क्रमांक 8 बुद्ध विहार से गणेश घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य में त्रुटि पूर्वक निविदा कार्रवाई निष्पादित कर गुणवत्ताविहीन कार्य करने हेतु प्रारंभिक जांच में अवचार के दोषी पाए गए हैं। पत्र में कहा गया है कि,उक्त कृत्य गंभीर कदाचार की श्रेणी में आता है। अतएव राज्य शासन द्वारा नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ को छत्तीसगढ़ नगर पालिका कर्मचारी नियम 1968 के नियम 53 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती ने राज्य शासन द्वारा की गई कार्रवाई पर प्रेस को दी गई अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि कांग्रेस के कुशासन में हुए भ्रष्टाचार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन ने उजागर कर दिया है। इसी प्रकार की कार्रवाई उन समस्त विभागों में की जाएगी जहां कांग्रेस शासन काल में भारी पैमाने में भ्रष्टाचार किया गया था। जांच की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

नवरात्र मेले के दौरान दावा प्रेस रिपोर्टर द्वारा प्रशासन को प्रस्तुत की गई रिपोर्ट के आधार पर स्थानीय प्रशासन द्वारा की गई जांच में वित्तीय अनियमितता का दोषी पाए जाने वाले वर्तमान सीएमओ चंद्रकांत शर्मा पर निलंबन की गाज गिर सकती है। जांच कमेटी द्वारा अक्टूबर 2024 को सौंपी गई रिपोर्ट पर प्रशासन द्वारा आज पर्यंत कार्रवाई नहीं की गई।

**जांच कमेटी ने सीएमओ को वित्तीय अनियमितता का दोषी पाया -** डोंगरगढ़ एसडीएम मनोज मरकाम के निर्देश पर गठित जांच कमेटी द्वारा अपने जांच प्रतिवेदन में कहा गया है कि दिनांक 10 अक्टूबर 2024 को राजस्व एवं नगरी निकाय की संयुक्त जांच टीम द्वारा नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के मेला स्थल में आबंटित दुकान/ पसरा की जांच की गई।जिसमें आबंटन प्रक्रिया अनुसार मुनादी /सूचना अथवा समाचार पत्रों में किसी प्रकार का प्रचार - प्रसार संबंधी दस्तावेज नहीं प्रस्तुत किए गए। इस संबंध में अनेक बिंदुओं पर जांच की गई। जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंद्रकांत शर्मा को दोषी पाते हुए कहा गया कि उनके द्वारा अपने पद का गलत उपयोग करते हुए वर्तमान मेला प्रदर्शनी के आबंटन में धांधली की गई हैं। जो की वित्तीय अनियमितता को दर्शाता है। उपरोक्त समस्त कंडिकाओं की जांच में प्रथम दृष्टिया मुख्य नगर पालिका अधिकारी डोंगरगढ़ जिम्मेदार है। जांच कमेटी में मुख्य नगर पालिका अधिकारी वनीष चंद दुबे लाल बहादुर नगर, नायब तहसीलदार सतपाल यादव डोंगरगढ़ ,नायब तहसीलदार प्राची लांगे डोंगरगढ़ शामिल थे।

## एक नजर

### पुलिस अधीक्षक ने 3 उप निरीक्षकों को स्टार लगाकर निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया



**राजनांदगांव 12 दिसंबर।** विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया के तहत् पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ के आदेश दिनांक 11.10.2024 के माध्यम से राज्य में 09 उप निरीक्षकों को निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हेतु आदेशित किया गया था जिसमें से जिला राजनांदगांव के तीन उप निरीक्षक हैं। उक्त आदेश के तहत् आज दिनांक 11.12.2024 को कार्यालय पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव में पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग द्वारा थाना लालबाग में पदस्थ उप निरीक्षक श्री योगेश कुमार पटेल, थाना डोंगरगढ़ में पदस्थ उप निरीक्षक श्री शंकर गिर गोस्वामी, थाना सोमनी में पदस्थ उप निरीक्षक श्री संतोष कुमार जायसवाल को स्टार लगाकर निरीक्षक के पद् पर पदोन्नत किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दी गई। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक श्री लोकेश कुमार कसेर, थाना डोंगरगढ़ प्रभारी निरीक्षक श्री जितेन्द्र वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

### पुलिस ने की ढाबा संचालकों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई



**राजनांदगांव 12 दिसंबर।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी लालबाग नवरत्न कश्यप के नेतृत्व मे थाना लालबाग क्षेत्रांतर्गत अवैध जुआ, सट्टा ,शराब एवम चाकूबाज के विरूद्ध कार्यवाही करने के आदेश पर थाना लालबाग पुलिस द्वारा अभियान चलाकर ढाबा में शराब पिने के लिए जगह मुहैया कराने वाले 01 देवांगन ढाबा परिसर पेंड्री में संजय वर्मा पिता बिसौहा वर्मा उम्र 24 साल निवासी कैलाश नगर भरकापारा थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव 02 रेवाड़ीह साहू फैमिली ढाबा परिसर में संजय टेम्बुकर पिता रामदास टेम्बुकर पर उम्र 29 साल साकिन साहू फैमिली ढाबा रेवाड़ीह थाना लालबाग जिला राजनांदगांव 03 शेरे पंजाब ढाबा परिसर पेंड्री में सुरजीत सिंह पिता हरभजन सिंह उम्र 58 साल साकिन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कौरिनभाटा थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव तीनों ढाबा में शराब पिलाने के लिए जगह मुहैया कराते मिले जिनके खिलाफ़ आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई। उपरोक्त कार्यवाही मे ,स्द्ध पुखराज देशमुख रूाष्ट खुशबू नागवंशी की सराहनीय भूमिका रही।

### प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं के लिए बनी खुशखबरी

**राजनांदगांव 12 दिसंबर।** शासन द्वारा शहरी एवं ग्रामीण घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को अपने घरों की छत पर रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने के उद्देश्य से प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। योजनांतर्गत राजनांदगांव जिले में घरों की छत पर रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने के लिए 527 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें से 19 हितग्राहियों के घरों में संयंत्र स्थापित किए गए है। प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना फरवरी 2024 से प्रभावशील है। यह स्थापित प्लांट नेट मीटरिंग द्वारा विद्युत ग्रिड से संयोजित होगा, जिससे उपभोक्ता द्वारा अपनी खपत से अधिक उत्पादित बिजली ग्रिड में सप्लाई हो जाती है। इससे न केवल उपभोक्ता के घर का बिजली बिल शून्य हो जाता है, बल्कि ग्रिड में दी गई बिजली के एवज में अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है। शासन द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत 30 हजार रूपए से 78 हजार रूपए तक की सब्सिडी प्रति प्लांट दिए जाने का प्रावधान है। रूफटॉप सोलर संयंत्र की क्षमता अनुसार लागत राशि एवं सब्सिडी अलग-अलग है। उपभोक्ता द्वारा सोलर प्लांट के ब्रांड चयन कर सकते हैं। 3 किलोवाट से अधिक क्षमता का प्लांट लगाने पर अधिकतम 78 हजार रूपए तक सब्सिडी का प्रावधान है। प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को वेबसाईट मोबाईल एप पर पंजीयन कर लॉग इन आईडी प्राप्त करना होगा। इसके बाद वेब पोर्टल पर उपलब्ध वेंडर का चुनाव कर बिजली कर्मचारी की मदद से वेब पोर्टल पर पूर्ण आवेदन करना होगा। निर्धारित अनुबंध हस्ताक्षरित होने के पश्चात वेंडर द्वारा छत पर प्लांट की स्थापना एवं डिस्कॉम द्वारा नेट मीटर स्थापित किया जाता है। स्थापित प्लांट के सत्यापन पश्चात शासन द्वारा सब्सिडी ऑनलाईन जारी कर दी जाती है।

### कलेक्टर से यूनिसेफ इंडिया के प्रतिनिधिमण्डल ने की सौजन्य भेंट

**राजनांदगांव 12 दिसम्बर।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में यूनिसेफ इंडिया के प्रतिनिधिमण्डल ने सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमण्डल में डिप्टी रिप्रेजेंटेटिव ऑपरेशन्स श्रीमती शारदा थापालिया एवं सीएफओ श्री विलियम हनलॉन जूनियर शामिल थे। कलेक्टर ने प्रतिनिधिमण्डल को बताया कि जिले में यूनिसेफ के सहयोग से सामाजिक व्यवहार परिवर्तन के विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। युवोदय कार्यक्रमों ने युवाओं को सामाजिक बदलाव लाने में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने हेतु सशक्त बनाया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि पोट्ठ लईका पहल कार्यक्रम सामुदायिक भागीदारी और नवीन तरीकों के माध्यम से बच्चों के पोषण स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आए हैं। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत गांव को ओडीएफ प्लस बनाया जा रहा है। यूनिसेफ के तकनीकी मार्गदर्शन और सहयोग ने इन कार्यक्रमों को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उल्लेखनीय है कि जिले में चल रहे विकास कार्यक्रमों की समीक्षा एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से यूनिसेफ इंडिया के प्रतिनिधिमण्डल द्वारा जिले में चलाए जा रहे युवोदय जैसे प्रमुख कार्यक्रमों से जुड़े स्वयंसेवकों के साथ संवाद किया गया।

# निर्मला विजय वर्मा बनी प्रदेश महिला लोधी समाज की अंकेक्षक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**खैरागढ़ 12 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला लोधी ने प्रदेश महिला लोधी समाज के पदाधिकारियों का विस्तार किया जिसमें निर्मला विजय वर्मा झुरानदी निवासी जिला केसीजी को प्रदेश महिला लोधी समाज के अंकेक्षक पद पर मनोनीत किया और लोधी समाज के पदाधिकारी ने बधाई दिया। जिसमें लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम जंघेल, महिला प्रदेश अध्यक्ष दशमत जंघेल, श्री विष्णु लोधी कोषाध्यक्ष प्रदेश लोधी समाज छत्तीसगढ़, जीवन कौशिक संगठन मंत्री छत्तीसगढ़, लोधी समाज विमल पटेल अंकेक्षक छत्तीसगढ़ लोधी समाज, सुरेश सिंगौर युवा प्रदेश अध्यक्ष लोधी समाज छत्तीसगढ़, सुरेंद्र कौशिक प्रदेश, कृष्णा सिगौर प्रदेश सचिव, अरुण जंघेल प्रदेश उपाध्यक्ष, जयप्रकाश कौशिक प्रदेश उपाध्यक्ष, विश्वनाथ राजपूत, बंधु जंघेल प्रदेश संगठन, ईश्वरी वर्मा, बनउ सिंह वर्मा जिला अध्यक्ष लोधी समाज दुर्ग, अधीन जंघेल जिला अध्यक्ष रायपुर, उत्तम जंघेल जिला अध्यक्ष लोधी समाज राजनंदगांव, संतोष कौशिक जिला अध्यक्ष लोधी समाज कबीरधाम, जगदीश वर्मा जिला अध्यक्ष मुंगेली, यमुना प्रसाद वर्मा जिला अध्यक्ष बिलासपुर, गोवेद्र पटेल जिला अध्यक्ष बेमेतरा, जिला उपाध्यक्ष बसंत सिगौर, दीपक जंघेल जिला महामंत्री रायपुर, उधो सिंह जंघेल जिला महामंत्री दुर्ग, राम रतन राजपूत जिला महामंत्री मुंगेली, चंदेल जी जिला महामंत्री राजनंदगांव, नरेन्द्र जंघेल रायपुर, प्रकाश जंघेल रायपुर, राजेंद्र जंघेल रायपुर, राजेंद्र राजपूत युवा प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ लोधी समाज, रवि सिंगौर युवा जिला अध्यक्ष दुर्ग, प्रेम प्रकाश राजपूत युवा अध्यक्ष जिला मुंगेली, मुकचुद वर्मा जिला युवा अध्यक्ष लोधी समाज बेमेतरा, प्रकाश जंघेल जिला अध्यक्ष लोधी समाज रायपुर, मोहन राजपूत युवा जिला अध्यक्ष बिलासपुर, हर्षवर्धन वर्मा युवा जिला अध्यक्ष राजनांदगांव, राहुल वर्मा बिलासपुर, भीषम पिलेश्वर वही छत्तीसगढ़ लोधी समाज की महिला वर्ग से बधाई देने वाले माननीय जागेश्वरी वर्मा जिला पंचायत सभापति मुंगेली, लक्ष्मी राजपूत बेमेतरा जिला अध्यक्ष, प्रियंका बघेल राजनांदगांव,जिला अध्यक्ष, महासचिव ज्योति जंघेल पंडरिया छुईखदान,उपाध्यक्ष कावेरी वर्मा देवरीभाठ खैरागढ़, सविता वर्मा, ललितावर्मा, चुनेंद्री वर्मा कोषाध्यक्ष श्रीमती चम्पा वर्मा डिलापहरी, राजनांदगाव, श्रीमती रूखमणी वर्मा संगठन मंत्री- गोपालपुर छुईखदान, प्रचार सचिव श्रीमती रेखा जंघेल सहसपुर गंडई,रेणुका वर्मा, माहेश्वरी वर्मा, नंदनी वर्मा, लता जंघेल रायपुर,उषा जंघेल, सोनिया वर्मा, चंपा वर्मा, सुलोचना को बधाई प्रेषित किया है।

### आयुक्त ने अति आवश्यक सेवा में कार्यरत कर्मचारियों से अपने काम में लौटने की अपील की

**राजनांदगांव 12 दिसंबर।** नगरीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा अपने मांगो के संबंध में अनिश्चित कालीन हड़ताल किया जा रहा है। नगर निगम के कर्मचारियों के हड़ताल में जाने से नगर निगम की मूलभूत अतिआवश्यक सेवा बिजली, पानी सफाई प्रभावित हो रही है। जिसके लिये आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने निगम के अति आवश्यक सेवा में कार्यरत कर्मचारियों से अपने कार्य में लौटने की अपील की। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि नगर निगम का मूल कार्य नागरिकों को बिजली पानी सफाई जैसे अति आवश्यक सेवा उपलब्ध कराना है। कर्मचारियों के अनिश्चित कालीन हड़ताल से निगम सीमाक्षेत्र में नागरिकों को दी जाने वाली सुविधा बिजली, पानी सफाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को अपने हक के लिये मांग करने का पूरा अधिकार है और कर्मचारियों की मांगों पर शासन को विचार करना है। लेकिन अधिकार के साथ साथ निकाय के मूल कार्य बिजली पानी सफाई नागरिकों को उपलब्ध कराना मूल कर्तव्य है, जिसे ध्यान में रखकर अति आवश्यक सेवा में कार्यरत कर्मचारी अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करे। उन्होंने इस संबंध में कर्मचारियों से अपील की है कि उक्त सेवा में लगे कर्मचारी अपने कार्य में लौट कर अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करे, जिससे मूलभूत सुविधा बाधित न हो। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने प्लेसमेंट ऐजेन्सी के ठेकेदारो से भी कहा है कि आपके अधीनस्थ कर्मचारी अपने कार्य में उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### महापौर ने कर्मचारियों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की अपील की

**राजनांदगांव 12 दिसम्बर।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने मिशन क्लीन सिटी अंतर्गत निगम सीमा क्षेत्र के एसएलआरएम सेन्टरों में कार्यरत स्वच्छता दीदीयों की दो माह के लंबित मानदेय लगभग 60 लाख रूपये आबंटित करने नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरूण साव से मांग की है। महापौर श्रीमती देशमुख ने माननीय नगरीय प्रशासन मंत्री श्री साव जी मांग करते हुये कहा कि स्वच्छता दीदीया प्रातः 7 बजे से शाम तक प्रतिदिन घर घर कचरा संग्रहण कर एसएलआरएम सेन्टर में कचरा पृथककरण का कार्य करते है। बाजार क्षेत्रों में रात्रिकालीन कचरा संग्रहण भी किया जाता है। इस प्रकार दीदीयां सुबह से रात तक सप्ताह में सातो दिन अपने दायित्वों का निर्वाहन करती है। इसके एवज में इन्हें न्यूनतम मानदेय प्राप्त होता है, उक्त मानदेय राशि आबंटन के अभाव में इन्हें दो माह से नही मिल पा रहा है, जिससे इन्हे आर्थिक संकट का सामना करना पड रहा है। उन्होंने इनके कार्यो को ध्यान में रखकर दो माह का लंबित मानदेय राशि रूपये लगभग 60 लाख आबंटित करने की माननीय नगरीय प्रशासन मंत्री जी से मांग की है। महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि वर्तमान में नगरीय निकाय के सभी कर्मचारी चाहे वे नियमित या ठेका पद्धति से हो वेतन एवं अन्य मांगों के लिये हडताल पर है, जिससे नागरिकों को मिलने वाली आवश्यक सेवा बिजली पानी सफाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा पूर्व में नगर निगम राजनांदगांव के कर्मचारियों के लंबित वेतन की मांग भी की गयी थी। उन्होंने माननीय मंत्री श्री अरूण साव जी से मांग की है कि आगामी माह में नगरीय निकाय चुनाव भी होना है जिसे ध्यान में रखकर कर्मचारियों की मांगो पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर निराकरण करने की कृपा करे।

### सोसाइटियों की व्यवस्था को लेकर सरकार पर बरसे मदन साहू



**राजनांदगांव 12 दिसंबर।** राज्य सरकार द्वारा सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से समर्थन दर पर किसानों से की जा रही धान खरीदी में अवस्था दुर्व्यवस्था को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मदन साहू के नेतृत्व में डोंगरगांव के अछोली और डोंगरगांव ब्लॉक के अर्जुनी में धरना प्रदर्शन किया गया। डोंगरगढ़ के अछोली सोसाइटी तकरीबन एक सप्ताह से बंद है। इसके अलावा जिले के अनेक सोसाइटी बंद होने की कगार पर है। इससे पहले पीएससी के आह्वान पर उन्होंने विभिन्न सोसाइटियों का निरीक्षण किया। जिसमें किसानों ने उन्हें अनेक समस्याएं बताइए निरीक्षण और आंदोलन के दौरान मदन साहू ने सरकार को जमकर निशाना बनाया। श्री साहू ने कहा कि प्रदेश के किसान भाईयों को धान बेचने हो रही परेशानी तथा सरकार के किसान विरोधी रवैये के विरोध व किसान भाईयों के हित में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के माननीय अध्यक्ष जी ने 10 दिसंबर 2024 को प्रदेश के सभी ब्लॉक मुख्यलायों में धरना/प्रदर्शन कर सक्षम अधिकारी को माननीय राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपे गया। पूरे प्रदेश में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने धान खरीदी केन्द्रों का भ्रमण कर खरीदी केन्द्रों में व्याप्त अव्यवस्था व किसानों को हो रही परेशानियों से अवगत हुए हैं। धरना/प्रदर्शन के माध्यम से खरीदी केन्द्र भ्रमण के दौरान पाये गये प्रशासनिक अव्यवस्था जैसे-बारदाने कमी, टोकन की अव्यवहारिक व्यवस्था, इलेक्ट्रॉनिक तराजू में तौलाई में किसान भाईयों का प्रति बोरा 1.5 से 2.5 किलोग्राम का नुकसान होने, सोसायटी में धान उठाव की समुचित व्यवस्था नही होने से आवक धान के लिए जगह का अभाव, चुनावी संकल्प पत्र में किये गये वायदे अनुरूप प्रति एकड़ 21 क्विंटल की धान खरीदी नही होना, धान का मूल्य प्रति क्विंटल 3100रू. एकमुश्त दिये जाने साथ ही, केन्द्र सरकार द्वारा धान के समर्थन मूल्य में की गयी 117 रू. प्रति क्विंटल को मिलाकर कुल-3217रू. प्रति क्विंटल की मांग, बीज उत्पादक किसानों से धान खरीदे जाने सहित किसान हित के विभिन्न मुद्दों को मीडिया के माध्यम से आमजनता को अवगत कराते हुए उक्त अव्यवस्थाओं के निराकण के लिए राज्य की भाजपा सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया जाना है।

### आयुक्त ने हसीना बानो को छह माह के लिए जिला जेल में निरुद्ध करने आदेशित किया

**राजनांदगांव 12 दिसंबर।** आयुक्त एवं निरूद्धकर्ता अधिकारी दुर्ग संभाग श्री सत्य नारायण राठौर ने स्टेशनपारा निवासी श्रीमती हसीना बानो को स्वापक औषधि और मन~ प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार, निवारण अधिनियम के तहत छ~ माह के लिए राजनांदगांव जिला जेल में निरूद्ध करने आदेशित किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन अनुसार श्रीमती हसीना बानो द्वारा अवैध गांजा बिक्री करने के संबंध में मोहल्ले में आरोपियों के लिए आक्रोश व्याप्त है। वर्तमान में छोटे-छोटे बच्चे शराब, गांजा नशे के आदी होते जा रहे हैं। वह गांजा बिक्री के कार्य से बाज नहीं आ रही है और लगातार गांजा सहित अन्य मादक पदार्थ बेचने की शिकायत लगातार मिल रही है। इसी उपराध के दृष्टिगत आम जनता के स्वास्थ्य के हितों के मद्देनजर यह कार्रवाई की गई है।

# रमन सिंह ने किया वरिष्ठ लोक कलाकार पुरुषोत्तम चंद्राकर का सम्मान

**रायपुर 12 दिसंबर।** सरस्वती शिक्षा संस्थान विद्या भारती छत्तीसगढ़ द्वारा पंडित रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के प्रेक्षागृह में भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया गया इसमें भारतीय भाषाएं और उनकी एकात्मता विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी, अध्यक्ष प्रोफेसर सच्चिदानंद शुक्ला जी कुलपति पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर तथा डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना जी चिंतक एवं विचारक के करकमलों से छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ लोक कलाकार डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर को गरिमामय मंच से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के लिए विवेक सक्सेना सचिव सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़, वरिष्ठ व्यंगकार एवं साहित्यकार गिरीश पंकज, डॉ.चितरंजन कर, डॉ. रामेंद्र मिश्रा, वरिष्ठ कवि मीर अली मीर, शशांक शर्मा, मोहन राव पवार, श्रीमती शताब्दी पांडे, गिरधार सागर ने डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर को बधाइयां दी। इस अवसर पर लोकरंजनी लोककला मंच के कलाकार डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर, रोहित साहू, संध्या पड़ोती, कलावती रामटेके, ज्योति बंजारे, सती धिवर, रंजना ध्रुव, तारिणी यादव, अनिल पारकर, मन्नु लाल वर्मा, राकेश, दुर्गेश यादव, जास्मी साहू, वैष्णवी मानिकपुरी, हर्षिका टंडन, हरिका नेताम, निकिता पटेल, करुणा साहू द्वारा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोकगीत नृत्य की बहुत ही खूबसूरती के साथ एक से बढ़कर एक मनोहारी प्रस्तुति दी गई जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न उत्सव, खेलकूद,तीज त्योहार, पर्यटन एवं दर्शनीय स्थल का दर्शन सुंदर भाव भंगिमा के साथ कराया उपस्थित दर्शकों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया।



# ग्रामीणों ने विजय शर्मा को धन्यवाद ज्ञापित किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 12 दिसंबर।** ग्राम पंचायत भोलापुर विकास खण्ड छुरिया जिला राजनांदगांव के ग्रामीणों की मांग पर मान. उपमुख्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा जी ने सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20.00 लाख की स्वीकृति प्रदान की है। जिसके लिए भोलापुर के ग्रामीणों ने दिनांक 10/12/24 दिन मंगलवार को एक दिवसीय राजनांदगांव प्रवास पर आये उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा जी का राजनांदगांव के रेस्टहाऊस मे जिला भाजपा महामंत्री रविंद्र वैष्णव जी के सौजन्य से गुलदस्ता भेट कर धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही ग्राम भोलापुर मे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं मानव संसाधन (पद सेटअप) की स्वीकृति दिलाने आवेदन सौपा। ग्रामीणों की मांग को गंभीरता पूर्वक सुनने के बाद बजट मे सामिल कर स्वीकृति दिलाने की बात कही। इस अवसर पर रुखम प्रसाद पाण्डेय सरपंच भोलापुर, मोहित सिन्हा ग्राम पटेल भोलापुर ,हेमलाल साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति भोलापुर, शीशुपाल साहू अध्यक्ष शाला विकास प्रबंधन समिति भोलापुर, भोजेश चतुर्वेदी सचिव ग्राम विकास समिति भोलापुर, दुकालूराम साहू कोषाध्यक्ष ग्राम विकास समिति भोलापुर, पंचराम साहू ,लखनलाल साहू उपस्थित थे।

## ग्रे-वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से निस्तारी के लिए ग्रामवासियों को मिलेगा स्वच्छ जल

# प्रदेश की उन्नति के लिए शासन करा रहा है विभिन्न विकास कार्य: विजय शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव 12 दिसंबर।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बडग़ांव-चारभांठा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कुल 1 करोड़ 24 लाख 14 हजार रूपए के 21 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसमें 63 लाख 89 हजार रूपए के लोकार्पण एवं 60 लाख 25 हजार रूपए के शिलान्यास कार्य शामिल हैं। उप मुख्यमंत्री ने इस दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के अहता निर्माण के लिए 5 लाख रूपए, बाजार में व्यावसायिक परिसर निर्माण के लिए 10 लाख रूपए, मिनी स्टेडियम के निर्माण, पंचग्राम तपोभूमि में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए की घोषणा की। उन्होंने ग्राम बडग़ांव चारभांठा में 3 लाख 15 हजार रूपए की लागत से ग्रे वाटर ट्रीटमेंट प्लान्ट तथा 30 हजार रूपए की लागत के बोरवेल रिचार्ज साफ्ट सैंट फिल्टर का शिलान्यास किया।



उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि गंदा पानी सरोवर में नहीं जाए तथा निस्तारी के लिए ग्रामवासियों को स्वच्छ जल मिले, इस सोच के साथ यहां ग्रे-वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के अंतर्गत कार्य किया जाएगा। जिससे तालाब निस्तारी योग्य बनेंगे तथा भू-जल और पीने के पानी के जलाशयों के प्रदूषण को रोकने में मदद मिलेगी। उन्होंने सरोवर के किनारे निर्मित सियान सदन की प्रशंसा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन स्थानों में भू-जल स्तर में गिरावट आयी है, वहां बोरवेल रिचार्ज साफ्ट के माध्यम से भू-जल स्तर को बढ़ाने के लिए कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्राम की जरूरतों को समझते हुए सुविधाओं के लिए ग्रामवासियों को कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है। किसानों को दो वर्ष का बकाया बोनस की राशि प्रदान की गई है। महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की 70 लाख महिलाओं के बैंक खाते में प्रतिमाह 1 तारीख को 1000 रूपए की राशि पहुंच जाती है। महतारी की चिंता में मुख्यमंत्री की पहल पर ग्राम पंचायतों में महिलाओं की सुविधा के लिए महतारी सदन का निर्माण भी किया जा रहा है। बहुत से जनहितैषी विकास के कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शराब एवं कोयला घोटाला तथा पीएससी में भ्रष्टाचार पर नियंत्रण के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार मेहनत करने वाली सरकार है और प्रदेश की उन्नति की दिशा में अनेक कार्य किए जा रहे हैं। पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत दिनेश गांधी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार के 13 दिसम्बर को पूर्ण वर्ष पूरा होने वाला है। उन्होंने कहा कि ग्राम बडग़ांव चारभाठा में विकास के सभी कार्य हो रहे हैं। उप मुख्यमंत्री डोंगरगांव एवं खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए भी कार्य कर रहे हैं।

संपादकीय

# आप ने 18 विधायकों के टिकट काट दिए

चुनाव होने वाला रहता है तो कुछ दल उसकी तैयारी महीनों पहले से करते हैं प्रत्याशियों की घोषणा महीनों पहले कर देते हैं ताकि चुनाव प्रचार करने का मौका प्रत्याशियों को ज्यादा से ज्यादा मिल सके। जनता बीच जाकर संपर्क करने का मौका ज्यादा से ज्यादा मिल सके। दिल्ली में चुनाव अगले साल होना है,केजरीवाल के लिए यह चुनाव जीतना जीवन-मरण का प्रश्न है क्योंकि यह चुनाव हार गए तो सत्ता में वापसी बहुत मुश्किल हो जाएगी। इसके लिए वह सीएम पद कभी नहीं छोड़ते है, सीएम पद छोड़ दिया, शीशमहल नहीं छोड़ने वाले केजरीवाल ने शीशमहल छोड़ दिया। आतिशी का सीएम बना दिया। यह सब केजरीवाल ने जनता की नाराजगी दूर करने के लिए किया था। वह सीएम रहते तो जनता की नाराजगी उनसे रहती,जनता उनको हराने को सोचती, शीशमहल रहते तो जनता की नाराजगी बनी रहती और उसका खामियाजा केजरीवाल को भुगतना पड़ता। केजरीवाल जानते हैं कि जनता की नाराजगी मात्र उनसे नहीं है, वह पूरी पार्टी से है, पूरे विधायकों से है। इसके लिए वह जिन विधायकों से जनता ज्यादा नाराज है, उनकी टिकट काट रहे हैं। आप अब तक 31 प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है। पहली और दूसरी सूची में 31 प्रत्याशियों में से 18 पुराने विधायकों की टिकट पार्टी काट चुकी है। यानी जितने प्रत्याशियों की घोषणा की गई है, उसमें से आधे पुराने प्रत्याशियों की काट दी गई है। इससे ऐसा लगता है कि केजरीवाल समझ रहे हैं कि जनता उनसे तो नाराज है, उनके विधायकों से भी बहुत नाराज है। यही वजह है घोषित प्रत्याशियों में पचास प्रतिशत विधायकों की काट दी गई है। दिल्ली विधानसभा में कुल 70 सीटें हैं। अब तक कुल 31 प्रत्याशियों की घोषणा की जा चुकी है। इसमें 18 पुराने लोगों को दोबारा मौका नहीं दिया गया उनकी जगह नए चेहरों को मौका दिया गया है। आप के विधायकों के टिकट जिस तरह काटे जा रहे हैं, उससे साफ हो जाता है कि इस बार पुराने विधायकों में से आधे से ज्यादा को टिकट नहीं मिलने वाली है। आंक्ड़ों के मुताबिक पिछली बार केजरीवाल ने 70 विधायकों में 26 नए चेहरे उतारे थे यानी 26 पुराने लोगों को दोबारा मौका नहीं मिला था, इस बार यह आंकड़ा 26 से कहीं ज्यादा हो सकता है क्योंकि 18 तो दो ही सूची में हो गए हैं। कोई भी राजनीतिक दल जब देखता है कि पुराने विधायकों के प्रति नाराजगी के चलते पार्टी को चुनाव में नुकसान होगा तो वह अपने ऐसे विधायकों का टिकट काट कर नए चेहरों को मौका देता है। केजरीवाल भी यही कर रहेहैं, इससे साफ हो जाता है कि केजरीवाल अपनी हार को लेकर बहुत परेशान हैं। आप की हार को जीत में बदलना बहुत मुश्किल है। क्योंकि जनता में सरकार व विधायकों के प्रति गहरी नाराजगी है। केजरीवाल इस नाराजगी को दूर करने का दो परंपरागत तरीका उसको काम में ला रहे हैं लेकिन मात्र नया चेहरा उतारने से नाराजगी तो दूर हो सकती है या कम हो सकती है, लेकिन नए चेहरे का जीतना भी तो मुश्किल होता है। आप के प्रति जनता में इतनी ज्यादा नाराजगी है कि उसके बड़े नेताओं का अपने परंपरागत विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीतना मुश्किल हो गया है, यही वजह है कि पार्टी के कई बड़े नेताओं का विधानसभा क्षेत्र बदल दिया गया है। आप की दूसरी सूची में केवल दो सीटिंग विधायक राखी बिड़लान व सिसोदिया को टिकट दिया गया है।विधानसभा की डिप्टी स्पीकर राखी को मंगोलपुरी की जगह मादीपुर से टिकट दिया गया है तो मनीष सिसोदिया को इस बार पटपड़गंज की जगह जंगपुरा से टिकट दिया गया है। दोनों अपनी पुरानी सीट से चुनाव हार सकते हैं, इसलिए दोनों की सीट बदल दी गई है. पटपड़गंज से मनीष सिसोदिया तीन बार चुनाव जीत चुके हैं लेकिन उनकी जीत का अंतर हर बार कम होता गया है पिछली बार तो वह बड़ी मुश्किल से 3207 वोटों से जीते थे।इस बार वह वहां से चुनाव लड़ते तो निश्चित रूप से चुनाव हार जाते इसलिए वह मैदान छोड़कर जंगपुरा भाग गए हैं। आप के डिप्टी सीएम जीत के लिए सुरक्षित सीट तलाश रहेहैं तो सोचा जा सकता है कि आप हार को लेकर कितनी घबराई हुई है। कई विधायकों ने अपनी हार को देखते हुए चुनाव लड़ने से मना कर दिया है। कई विधानसभा क्षेत्र मे तो लोग इतने नाराज है कि इस बार वहां से आप विधायक का जीतना तो दूर वह तीसरे स्थान पर आ सकतेहैं यानी इस बार कई सीटों पर मुख्य मुकाबला भाजपा व कांग्रेस के बीच हो सकता है। पहले होता यह था कि ज्यादातर सीटों पर आप और भाजपा या आप और कांग्रेस के बीच मुकाबला हुआ करता था। पहली बार ऐसा भी हो सकता है कि दिल्ली में आप कई विधानसभा में मुकाबले में न दिखे। सीधा मुकाबला भाजपा व कांग्रेस के बीच हो।हार की आशंका को देखते हुए आप वाले अभी से चुनाव आयोग पर आरोप लगा रहे हैं कि उनके वोटरों के नाम वोटर लिस्ट से काटे जा रहे है। ताकि चुनाव के बाद कहा जा सके कि चुनाव आयोग के कारण चुनाव हार गए। इसी के साथ मुसलमानों, रोहिंग्याओं, बांग्लादेशियों के वोट पाने के लिए आप ने बहुत से जुगाड़ कर रखे हैं तथा हिदुओं के वोट के लि वह कोशिश कर रहेहैं, यूपी में कुंभ शुरू होने जा रहा है तो दिल्ली के लोगों को कुंभ भेजने के लिए योजना बनाई गई है लोगों से कहा गया है उनको मुफ्त कुंभ भेजा जाएगा, इसके लिए वह अपनी सीट बुक करा लें। केजरीवाल हार की आशंका को देखते हुए हर तरह से जीत के लिए प्रयास कर रहेहैं, यदि वह इस बात जीत जाते हैं तो यह एक नया रिकार्ड होगा क्योंकि बहुत ही कम ऐसे राज्य हैं जहां पर सरकार ने चौथी बार वापसी की हो। तीन बार तो भाजपा कई राज्यों में वापसी कर चुकी है। हाल ही में भाजपा ने हरियाणा में तीसरी बार वापसी की है। महाराष्ट्र में भाजपा ने तीसरी बार शानदार वापसी की है।

राजनीति

# राजनीति में अब नई इबारत लिखेंगी प्रियंका गांधी

निर्मल रानी

देश में पिछले दिनों जहाँ महाराष्ट्र व झारखण्ड में विधानसभा चुनाव संपन्न हुये वहीं विभिन्न राज्यों की कई सीटों पर विधानसभा व लोकसभा उपचुनाव भी कराये गये। इन्हीं में एक केरल की वायनाड संसदीय सीट भी थी जिस पर 2024 के आम चुनावों में राहुल गाँधी रायबरेली के साथ साथ वायनाड से भी विजयी हुये थे। बाद में राहुल को वायनाड सीट छोड़कर रायबरेली की सीट अपने पास रखनी पड़ी। राहुल ने यहाँ 6,47,445 वोट प्राप्त करके 3,64,422 के अंतर से भारी जीत हासिल की थी। इसी सीट पर हुये उपचुनाव में कांग्रेस ने प्रियंका गाँधी को पहली बार लोकसभा चुनाव में उतारा। प्रियंका को यहाँ राहुल गाँधी से भी अधिक मत हासिल हुये और उन्होंने 4 लाख से अधिक वोटों के अंतर से ऐतिहासिक जीत हासिल की। जिस समय प्रियंका की शानदार जीत व संसदीय राजनीति में उनके सक्रिय व अधिकृत प्रवेश की पटकथा वायनाड की जनता लिख रही थी उस समय देश का 'गोदी मीडिया ' केवल महाराष्ट्र के चुनाव परिणामों को महिमामंडित करने में लगा था। गौर तलब है कि अपने व्यक्तित्व में अपनी दादी इंदिरा गांधी के दर्शन का एहसास कराने वाली प्रियंका गांधी को पहली बार इतने भारी मतों से उस केरल राज्य के लोगों ने चुना है जोकि देश का सबसे शिक्षित राज्य है। और भरतीय जनता पार्टी तमाम प्रयासों के बावजूद यहाँ अपनी दाल गला नहीं पाती। केरल के लोग भाजपा को वोट क्यों नहीं देते इसपर कांग्रेस या विपक्ष क्या कहता है उससे ज्यादा अहमियत इस बात की है कि स्वयं भाजपा इस बारे में क्या सोचती है। इस विषय पर जब मार्च 2021 में केरल भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व केरल भाजपा के अध्यक्ष रहे वरिष्ठ नेता राजागोपाल से पूछा गया कि बीजेपी केरल में अपनी राजनीतिक जमीन क्यों नहीं तैयार कर पाती। इस प्रश्न के उत्तर में राजगोपल ने कहा, "केरल अलग तरह का प्रदेश है। दो-तीन प्रमुख कारण हैं। एक तो यह कि केरल की साक्षरता दर 90 प्रतिशत है। यहां के लोग सोचते हैं, तार्किक हैं। ये शिक्षित लोगों की आदतें हैं। दूसरी बात यह कि केरल में 55 प्रतिशत हिंदू हैं और 45 प्रतिशत अल्पसंख्यक हैं। हर कैलकुलेशन में ये चीज आती है। ऐसे में केरल की तुलना किसी और राज्य से नहीं की जा सकती है। केरल भाजपा नेता राजागोपाल द्वारा पेश की गयी इसी थ्योरी को यदि उलट दिया जाये तो समझा जा सकता है कि भाजपा जिन राज्यों में अपना जनाधार बढ़ा रही है उसकी दरअसल वजह क्या है। बहरहाल केरल की शिक्षित जनता ने पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ने वाली गाँधी - नेहरू परिवार की बेटी को वायनाड से रिकार्ड विजयश्री दिलवाकर अपना मंतव्य स्पष्ट कर दिया कि देश की शिक्षित व तर्कपूर्ण जनता को गाँधी - नेहरू परिवार की इस बेटी से काफी उम्मीदें जुड़ी हुई हैं। निश्चित रूप से प्रियंका गाँधी ने न केवल दादी इंदिरा गाँधी व पिता राजीव गाँधी के साथ लंबे समय तक प्रधानमंत्री निवास में रहकर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के गुण सीखे हैं बल्कि पिता राजीव मां सोनिया व भाई राहुल गाँधी के चुनावों में अहम भूमिका निभाकर चुनावी राजनीति में भी पूरी महारत हासिल की है। राहुल गाँधी ने यूँही नहीं कहा था कि यदि प्रियंका 2024 के लोकसभा चुनाव में वाराणसी से नरेंद्र मोदी के विरुद्ध चुनाव लड़तीं तो निश्चित रूप से वे मोदी को पराजित कर देतीं। क्योंकि





2019 में जिस वाराणसी में नरेंद्र मोदी ने 4 लाख 79 हजार वोटों के भारी अंतर से जीते दर्ज की थी वह अंतर इस बार घटकर 1 लाख 52 हजार रह गया है। यहाँ मोदी के विरुद्ध कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने वाले अजय राय को 4 लाख 60 हजार वोट मिले थे। इस लिहाज से वाराणसी से मोदी के विरुद्ध प्रियंका की उम्मीदवारी देश की राजनीति की एक नई पटकथा लिख सकती थी।

अपनी जीत के बाद पहली बार प्रियंका गांधी ने जिन शब्दों में मतदाताओं का आभार व्यक्त किया वह भी काबिल- ए - तारीफ थे। उन्होंने कहा कि ह्यआपने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उसके लिए मैं आपकी बहुत आभारी हूं। मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि समय के साथ, आपको वास्तव में यह महसूस हो कि यह जीत आपकी जीत है और जिस शख़्स को आपने अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना है वह आपकी उम्मीदों और सपनों को समझता है और आपके लिए लड़ता है। मैं संसद में आपकी आवाज बनने के लिए उत्सुक हूं।ह्न निश्चित रूप से देश की जनता भी भारतीय संसद में प्रियंका गाँधी की आवाज उनका अंदाज तथा उनके द्वारा देशहित में उठाये जाने वाले मुद्दों को सुनने के लिये बेहद उत्सुक है। गत लगभग दो दशक से प्रियंका गाँधी ने कांग्रेस पार्टी के चुनाव प्रचार में अपनी जिस क्षमता व दक्षता का परिचय दिया है उससे कांग्रेस को भी लाभ हुआ है और कांग्रेस जनों में भी उत्साह का संचार हुआ है। प्रियंका गाँधी का संसदीय राजनीति में प्रवेश ऐसे समय में हुआ है जबकि सत्तरूढ़ भाजपा साम दाम दंड भेद सभी तरीके अपनाकर सत्ता में बने रहना चाहती है तथा अपने अघोषित अतिवादी एजेंडे पर चलकर अपने सपनों का बहुसंख्यवादी भारत बनाना चाह रही है। जबकि कांग्रेस गाँधी के सपनों के भारत के निर्माण की पक्षधर है। कांग्रेस संविधान व लोकतंत्र की रक्षा की बात करती है। जबकि भाजपा के कई नेता संविधान बदलने की बातें करते रहे हैं। उधर इण्डिया गठबंधन भी 2024 में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद क्षेत्रीय नेताओं के स्वार्थवश मजबूत विपक्ष की भूमिका अदा नहीं कर पा रहा। ऐसे में ले देकर कांग्रेस पार्टी से ही देश को न केवल मजबूत विपक्ष देने की उम्मीदें बंधी हुई हैं बल्कि सत्य अहिंसा व धर्मनिरपेक्ष भारत के निर्माण की आस भी केवल कांग्रेस पार्टी से ही है। राहुल गाँधी निश्चित रूप से अपनी क्षमता से अधिक मेहनत कर सत्ता से मुकाबला करने से लेकर पार्टी को मजबूत बनाने तक के लिये काफी काम कर रहे हैं। परन्तु उनके विरुद्ध सत्तधारी तरह तरह की साजिशें रचकर उन्हें राजनैतिक परिदृश्य से ओझल करने तक की योजना बनाये बैठे हैं। जिस तरह पूर्व में प्रियंका गाँधी ने महिलाओं की सुरक्षा के हक में आवाजें बुलंद की हैं ,कानून व्यवस्था के मुद्दे उठाये है दलितों,किसानों व गरीबों के लिये आवाज उठाई है उसी वर्ग को प्रियंका गाँधी के लोकसभा पहुँचने से काफी उम्मीदें जुड़ी हुई हैं। माना जा सकता है कि प्रियंका समाज के शोषित व पीड़ित समाज की आवाज तो बनेंगी ही साथ ही राजनीति में अब एक नई इबारत भी लिखेंगी।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए परस्पर सहयोग की भावना बनाए रखने के लिए रहेगा। आप परोपकार के कार्यो में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए रहेगा। आपके घर किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई को लेकर कुछ समस्या आ सकती है। आप अपने कामों को लेकर यदि किसी दूसरे पर डिपेंड रहेंगे, तो वह आपके कामों को लटका सकते हैं।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए किसी नए वाहन की प्राप्ति के लिए रहेगा। आपको एक के बाद एक शुभ सूचना सुनने को मिलती रहेगी। आज आपकी खुशियों का ठिकाना नहीं रहेगा, क्योंकि कार्यक्षेत्र में आपके बॉस आपको पूरी तवज्जो देंगे और आपके प्रमोशन की बात को भी आगे कर सकते हैं। यदि आपने किसी नई प्रॉपर्टी में इन्वेस्टमेंट करने का सोचा था, तो वह आपके लिए अच्छी रहेगी। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार पर संयम रखने के लिए रहेगा। आपको किसी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा। यदि आपने किसी से कोई वादा किया था, तो आपको उसे समय रहते पूरा करने की आवश्यकता है। किसी पुरानी गलती से आपको सबक लेना होगा। आप किसी से धन का लेनदेन ना करें, नहीं तो उससे आपके आपसी रिश्ते खराब हो सकते हैं। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मेल-मिलाप करने आ सकता है।

कर्क- आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। आपके बॉस कार्यक्षेत्र में आपको कोई नया पद दे सकते हैं। आप अपनी जॉब में भी चेंज करने के बारे में प्लानिंग कर सकते हैं। आपको अपने कामों की योजना बनाकर करने की आवश्यकता है, तभी वह पूरी हो सकती हैं। सहयोगी आपके काम में आपका पूरा साथ देंगे।

सिंह- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। ऑनलाइन काम कर रहे लोगों को थोड़ा सावधान रहने की आवश्यकता है। शेयर मार्केट में यदि आपने इन्वेस्टमेंट करने के बारे में सोचा है, तो उसमें आपको कोई नुकसान हो सकता है। आपको किसी की कहीसुनी बातों में आने से बचना होगा। आपके कुछ नए विरोधी हो सकते हैं, जो आपको समस्या देंगे। आप अपनी किसी पारिवारिक समस्या को बाहरी व्यक्ति के सामने उजागर न करें।

कन्या- आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। आपके जीवनसाथी आपके कामों में आपका पूरा साथ देंगे। आपको अपने धन को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है, क्योंकि आपके खर्च बेतहाशा बढ़ेंगे। आप शान-शौकत की चीजों पर अच्छा खासा धन खर्च करेंगे। आपके घर किसी नए मेहमान के आने से आप खुश रहेंगे। परिवार में एकजुटता नजर आएगी। आप अपने मन में ईर्ष्या की भावना ना रखें।

तुला- आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों में आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपको किसी कानूनी मामले में किसी परिजन से कोई सलाह बहुत ही सोच समझ कर लेनी होगी। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है, जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। शीघ्रगामी वाहनों के प्रयोग से आपको सावधानी बरतनी होगी।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपके मन में यदि किसी बात को लेकर संशय बना हुआ है, तो आप उस काम में बिल्कुल आगे न बढें.। यदि आप किसी प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त की योजना बना रहे थे, तो आपकी वह इच्छा पूरी होगी। यदि आपने कोई निर्णय जल्दबाजी में लिया, तो वह आपको समस्या दे सकता है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों की अपने साथी से किसी बात को लेकर खटपट होने की संभावना है।

धनु- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। आपकी सेहत में उतार-चढ़ाव रहने से कुछ समस्याएं आ सकती हैं। आपको अपने पिताजी की सेहत पर ध्यान देना होगा। संतान के करियर में आपको अच्छा उछाल देखने को मिलेगा। प्रॉपर्टी को लेकर आप किसी वाद-विवाद में पड़ सकते हैं। किसी काम को लेकर आप लंबी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं, जो आपके लिए लाभदायक रहेगी।

मकर- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप किसी को धन उधार देने से बचें। यदि आपने शेयर मार्केट में इनवेस्टमेंट का सोचा है, तो उसके लिए आप किसी वरिष्ठ सदस्य से राय अवश्य लें। घर परिवार में चल रही समस्याएं फिर से सिर उठाएंगी। जो आपको थोड़ी टेंशन तो देगी, लेकिन आप दोस्तों के साथ कुछ समय मौज-मस्ती करने में भी व्यतीत करेंगे। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरूआत करने के लिए अच्छा रहेगा। आपके किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। विद्यार्थियों को शिक्षा में कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, जिसके लिए उन्हें अपने सीनियर से सलाह लेनी पड़ेगी। बिजनेस में आपकी किसी पुरानी योजना से आपको अच्छा लाभ मिलेगा, जिससे आपको खुशी होगी।

मीन- आज का दिन आपके लिए ऊजार्वान रहने वाला है। आपके अंदर एक्स्ट्रा एनर्जी रहने के कारण आप कामों को करने में काफी जल्दबाजी दिखाएंगे। आपके रुके हुए काम भी पूरे होंगे। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। माता-पिता की सेवा के लिए आप कुछ समय निकालेंगे। यदि आपको किसी बात को लेकर कोई टेंशन चल रही थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी।

## नेता जी का विकास पर्व

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



गांव के एक छोटे से चौपाल पर सुबह-सुबह हलचल मच गई। गांव के बुजुर्गों, बच्चों, नौजवानों और औरतों में अजीब-सी उत्सुकता थी। आखिर हो भी क्यों ना? आज गांव में खुद माननीय नेता जी आने वाले थे। ये वही नेता जी थे जो चुनाव से ठीक पहले धरती पर पधारते थे और फिर अगली पंचवर्षीय योजना में कहीं गुम हो जाते थे। नेता जी को लेकर गांव वालों के बीच चचाएं गरम थीं। कोई कहता, ₹नेता जी बहुत काम कर रहे हैं, सारा देश बदल रहा है,₹ तो कोई बोलता, ₹हां, हमारे गांव में भी पिछले चुनाव में उन्होंने दो पेड़ लगवाए थे, और इस बार सुना है कि वो तिनका-तिनका विकास करने का प्लान लेकर आए हैं। थोड़ी देर में धूल उड़ाती गाड़ियों का काफिला चौपाल के पास आकर रुका। चार-चार बंदूकधारी सुरक्षा गार्ड उतर कर चौकस हो गए। उसके बाद बेशकीमती सूट-बूट में नेता जी उतरते हुए दिखाई दिए। गांव वालों की भीड़ में से किसी ने धीरे से कहा, ह्लदेखो, इनकी पोशाक से ही पता चलता है कि कितने महान नेता हैं हमारे! नेता जी मंच पर चढ़े और एक जोरदार भाषण शुरू किया, ह्लमेरे प्यारे गांववासियों, आप सब जानते हैं कि मैं जनता की सेवा में हमेशा तत्पर रहता हूं। मुझे कोई निजी स्वार्थ नहीं है। मैं जनता के सुख-दुख का साथी हूं। मुझे जनता की समस्याओं से गहरी सहानुभूति है। गांव वाले भौचक्के होकर नेता जी की बातों को सुन रहे थे, और एक-दूसरे से इशारों में पूछ रहे थे, यह सहानुभूति कौनसी जगह है? नेता जी ने अपनी बात जारी रखी, ह्लहमने पिछले कार्यकाल में गांव के विकास के लिए करोड़ों रुपये स्वीकृत किए। हमने जनता के सपनों को हकीकत में बदलने का वादा किया था, और वही करने का प्रयास कर रहे हैं। इतने में गांव के एक उत्साही युवक ने सवाल कर दिया, नेता जी, आपने जो करोड़ों खर्च किए, वो दिख क्यों नहीं रहे? नेता जी ने बिना हिचकिचाए जवाब दिया, ह्लअरे बेटा, तुम लोगों की आंखें विकास देखने के लिए थोड़ी कमजोर हैं। मैं चाहता हूं कि सरकार जल्द ही आपकी आंखों का भी इलाज कराए ताकि आप असली विकास देख सको।ह्न चारों ओर तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी। किसी ने कहा, ह्लदेखा, कितने सच्चे और सीधे-साधे नेता हैं! फिर नेता जी ने बड़ी गर्व से घोषणा की, ह्लहमने गांव में बिजली के लिए एक बड़ा प्रोजेक्ट शुरू किया है। अभी तक तार बिछा दिए हैं, और अगले चुनाव तक बिजली भी आने की संभावना है। गांव के एक बुजुर्ग ने हिम्मत करके पूछा, ह्लनेता जी, पिछली बार भी आपने यही कहा था। नेता जी मुस्कुराते हुए बोले, बाबा, विकास का स्वाद धीरे-धीरे लेना चाहिए। अभी से सब मिल गया तो अगले चुनाव में क्या वादा करेंगे? चौपाल में बैठे सारे लोग एक-दूसरे को देखकर मुस्कुरा दिए, मानो विकास का स्वाद उन्हें समझ आ गया हो। फिर नेता जी ने आगे कहा, हमने गांव में सफाई अभियान चलाया है। आपको जल्द ही कचरा प्रबंधन की आधुनिक व्यवस्था का लाभ मिलेगा। शहरों की तरह कचरे का सिस्टमैटिक मैनेजमेंट किया जाएगा। तभी एक महिला ने साहस जुटाकर कहा, पर गांव में तो कचरे की गाड़ी महीने में एक बार भी नहीं आती, कचरा कहां जाएगा? नेता जी ने धैर्यपूर्वक समझाया, बिटिया, कचरा तो तुम्हारी मानसिकता में है। हम सोच बदलने की दिशा में काम कर रहे हैं। जैसे ही तुम्हारी सोच शुद्ध होगी, कचरा अपने आप गायब हो जाएगा। अब तक लोग नेता जी की बातों में खो चुके थे। कुछ को तो अपने सामने ही विकास का सपना नजर आने लगा था, मानो चौपाल पर ही उन्हें बिजली, सड़क, और पानी मिलने वाला हो। नेता जी ने भाषण का समापन करते हुए घोषणा की, मैं आप सबसे वादा करता हूं कि अगले पांच साल में हमारा गांव ह्यआदर्श गांव बन जाएगा। सभी सुविधाएं, स्वास्थ्य सेवाएं और रोजगार की गारंटी हम देंगे। सभा में बैठे गांव के बच्चों ने चुपके से हंसते हुए कहा, अरे, ये तो हर चुनाव में यही कहते हैं। गांव तो अभी भी वैसा ही है। पर उनकी आवाज भीड़ में खो गई। नेता जी ने फिर तालियां बटोरीं, और थोड़ी देर में गाड़ियों के काफिले के साथ गांव से रवाना हो गए। चौपाल के पास एक बूढ़ा किसान बुदबुदाया, विकास का ये पर्व भी हर बार की तरह आया और चला गया। हमें अगले चुनाव का इंतजार करना चाहिए। तब तक इसी विकास को सपना समझकर जी लेंगे। और इस तरह, गांव वालों ने विकास का इंतजार करना सीख लिया। नेता जी के वादों की लंबी फेहरिस्त और जनता की समझौते की आदतें, दोनों ने मिलकर इस बार भी लोकतंत्र का एक नया अध्याय रच दिया।

## गंभीर समस्या

# कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का प्रतिबंध

प्रियंका सौरभ



सोशल मीडिया लोगों के बीच बातचीत के ऐसे माध्यम को संदर्भित करता है, जिसके जरिए वे वर्चुअल समुदायों और नेटवर्क में जानकारी और विचारों का निर्माण, साझा और / या आदान-प्रदान करते हैं। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने ऐसे कानून पेश करने की योजना की घोषणा की है, जो 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करने से रोकेगा। यह स्पष्ट है कि हमें बच्चों और युवाओं को ऑनलाइन बेहतर तरीके से सुरक्षित रखने की जरूरत है। संतुलन पर, ऑस्ट्रेलियाई मानवाधिकार आयोग का मानना नहीं है कि 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाना सही प्रतिक्रिया है। ऐसे कम प्रतिबंधात्मक विकल्प उपलब्ध हैं, जो बच्चों और युवाओं को ऑनलाइन नुकसान से बचाने के उद्देश्य को प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन अन्य मानवाधिकारों पर इतना महत्त्वपूर्ण नकारात्मक प्रभाव डाले बिना। वैकल्पिक प्रतिक्रिया का एक उदाहरण सोशल मीडिया कंपनियों पर देखभाल का कानूनी कर्तव्य रखना होगा। इसके लिए उन्हें अपने उत्पादों को बच्चों और युवाओं के लिए सुरक्षित बनाने के लिए उचित कदम उठाने होंगे। देखभाल का वैधानिक कर्तव्य पेश करना सोशल मीडिया कंपनियों की जवाबदेही बढ़ाने और सभी के लिए ऑनलाइन सुरक्षा में सुधार करने का एक सक्रिय तरीका होगा। आयोग समझता है कि सरकार द्वारा देखभाल के ऐसे कर्तव्य पर विचार किया जा रहा है। सोशल मीडिया बच्चों और युवाओं को साइबरबुलिंग, हानिकारक सामग्री और ऑनलाइन शिकारियों सहित कई संभावित जोखिमों के संपर्क में लाता है। पहुँच को प्रतिबंधित करने से उनके मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। अध्ययनों से पता चलता है कि सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग स्वस्थ मस्तिष्क विकास, नींद और शैक्षणिक प्रदर्शन में बाधा डाल सकता है। प्रस्तावित कानून एक सुरक्षित विकासात्मक वातावरण का समर्थन करता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म उपयोगकर्ताओं से बड़ी मात्रा में व्यक्तिगत डेटा एकत्र करते हैं और बच्चे पूरी तरह से समझ नहीं पाते हैं कि उनका डेटा कैसे एकत्र किया जाता है, उपयोग किया जाता है या

[illegible]

उसका मुद्रीकरण किया जाता है। युवा उपयोगकर्ताओं के लिए पहुँच पर प्रतिबंध लगाने से गोपनीयता के उल्लंघन और बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों द्वारा व्यक्तिगत डेटा के शोषण को कम करने में मदद मिल सकती है। पहुँच को प्रतिबंधित करने से माता-पिता और अभिभावकों को अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों को बेहतर ढंग से निर्देशित करने और यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि वे पर्यवेक्षित तरीके से तकनीक से जुड़ें। हमें बच्चों और युवाओं को ऑनलाइन स्पेस को बेहतर तरीके से नेविगेट करने में मदद करने की भी आवश्यकता है, यह सुनिश्चित करके कि राष्ट्रीय पाठ्यक्रम में डिजिटल साक्षरता और ऑनलाइन सुरक्षा सिखाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। युवाओं को इस बारे में गंभीरता से सोचना सिखाया जाना चाहिए कि वे ऑनलाइन क्या देखते हैं और वे सोशल मीडिया से कैसे जुड़ते हैं। माता-पिता और शिक्षकों को उचित मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करने में मदद करने के लिए बेहतर उपकरणों और संसाधनों की भी आवश्यकता है। सोशल नेटवर्किंग साइट्स व्यक्तियों और संगठनों को पारंपरिक प्रचार या शैक्षणिक तरीकों से बेजोड़ गति से जानकारी साझा करने और आदान-प्रदान करने में सक्षम बनाती हैं। सोशल मीडिया ने लोगों के बीच जानकारी साझा करने के तरीके को बदल दिया है। नतीजतन, यह निर्णय लेने में नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहित करके सुशासन को बढ़ावा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सोशल मीडिया के फायदों में से एक यह है कि यह सशक्तिकरण के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में उभरा है। सोशल मीडिया ने नागरिकों और उनकी चुनी हुई सरकार और राजनेताओं के बीच की खाई को कम किया है, जिससे लोकतंत्र में अधिक भागीदारी हुई है। गलत सूचना के प्रसार का मुद्दा सोशल मीडिया का सबसे बड़ा नुकसान बनकर उभरा है। सोशल मीडिया के उदय ने दुनिया भर में कई किशोरों को नाम पुकारने, उत्पीड़न, शर्मिंदगी, अपमान, पीछा करने, धमकियों और यहाँ तक कि धोखाधड़ी के लिए उजागर किया है। व्यक्ति एक 'इंटरनेट व्यक्तित्व' बनाए रखने का प्रयास करते हैं जो किसी के जीवन की एक गुलाबी तस्वीर पेश करता है, फि ल्टर का उपयोग करके उन हिस्सों को छुपाता है जिन्हें ' पर्याप्त नहीं माना जाता है। बार-बार सोशल मीडिया का उपयोग मस्तिष्क के उन हिस्सों को बदल सकता है जो भावनाओं और सीखने से सम्बंधित हैं। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021. सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को शिकायत निवारण और अनुपालन तंत्र स्थापित करने के लिए कहा गया है, जिसमें एक निवासी शिकायत अधिकारी, मुख्य अनुपालन अधिकारी और एक नोडल संपर्क व्यक्ति की नियुक्ति शामिल है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इन प्लेटफॉर्म को उपयोगकर्ताओं से प्राप्त शिकायतों और की गई कार्यवाही पर मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए भी कहा है। इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप को संदेश के पहले स्त्रोत को ट्रैक करने के लिए प्रावधान करना होगा। धारा 79 में कहा गया है कि किसी भी मध्यस्थ को उसके प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध या होस्ट की गई किसी भी तीसरे पक्ष की जानकारी, डेटा या संचार लिंक के लिए कानूनी रूप से या अन्यथा उत्तरदायी नहीं ठहराया जाएगा। यदि मध्यस्थ, सरकार या उसकी एजेंसियों द्वारा सूचित या अधिसूचित किए जाने के बावजूद, प्रश्नगत सामग्री तक पहुँच को तुरंत अक्षम नहीं करता है, तो सुरक्षा प्रदान नहीं की जाती है। एक व्यापक पारदर्शिता कानून की आवश्यकता है जो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म द्वारा प्रासंगिक खुलासे को अनिवार्य बनाता है। इसके अतिरिक्त, सामग्री मॉडरेशन और सम्बंधित कार्य जैसे मानक सेटिंग, तथ्य-जांच और डी-प्लेटफॉर्मिंग को शामिल किया जाना चाहिए। किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य के सम्बंध में माता-पिता को अपने बच्चों को डिजिटल उपकरणों तक पहुँच प्रदान करते समय बहुत सावधान रहना चाहिए तथा उनके साथ स्वस्थ उपयोग के बारे में चर्चा करनी चाहिए।

# गौ पूजन एवं किसानों का सम्मान कर मनाया जा रहा सरकार के एक वर्ष पूरा होने का उत्सव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 12 दिसंबर।** राज्य शासन के निर्देश एवं कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार के 1 वर्ष पूरे होने पर जिले के विभिन्न विभागों द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किए जा रहे है। इसी सिलसिले में आज पशुपालन विभाग द्वारा विभिन्न ग्रामों में गौ पूजन का कार्यक्रम किया गया। ठीक उसी तरह सहकारिता विभाग द्वारा विभिन्न सोसायटी में धान बेचने आएं किसानों का सम्मान किया गया। पशु पालन विभाग से मिली जानकारी अनुसार दिनांक 09 दिसंबर से गौपूजन का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आरंभ किया जा चुका है। जिसके अंतर्गत स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ग्राम पंचायतों में शिविर व पशु मेला का आयोजन कर गौमाता का पूजन करने के पश्चात पशुओं में टैगिंग/बधियाकरण/टीकाकरण का कार्य किया जा रहा है। पशुपालकों को गौ-उत्पाद जैसे-गौमूत्र, गौअर्क, इत्यादि के महत्व के बारे में बताया गया। विभागीय कार्य उपरान्त पशुपालक संगोष्ठी,गौसेवा करने वाले पशुपालकों का सम्मान किया जा रहा है। 9 दिसंबर को विकासखंड कसडोल के ग्राम चरौदा,10 दिसंबर को बलौदाबाजार के ग्राम लटुवा,11 दिसंबर को भाटापारा के ग्राम पेण्डरी में गौपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। आगामी दिवसों में दिन 14 दिसंबर को पलारी के ग्राम कौंवाडीह, 15 दिसंबर सिमगा के ग्राम कुकराचुंदा सहित खुशी गौशाला पौंसरी,मां शाकम्भरी देवी सेवा संस्थान केशडबरी बलौदाबाजार में भी गौपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जावेगा। इसी तरह सहकारिता विभाग द्वारा आज सहकारी समिति कसडोल पंजीयन क्रमांक 1545 में किसानो को श्री फल गुलाल लगा कर सम्मान किया गया। इसी तरह आज धान उपार्जन केंद्र लवन पं. क्र. 668 में किसानों को गुलाल व श्रीफल से सम्मानित किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा यु.डी.आई.डी पंजीयन कृत्रिम अंग चिन्हांकन परीक्षण शिविर विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम सकरी में 12 को एवं पलारी के ग्राम दतान (प) में 13 को दिव्यांग कलाकारों/खिलाड़ियों/प्रतिभाओं,वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान एवं वृध्दाश्रमों में कार्यक्रम ग्राम पंचायत मुड़पार में 16 दिसंबर को, ग्राम सोनपुरी 19 दिसंबर को ग्राम तरेंगा में 20 दिसंबर को शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## एक नजर

### पार्षद संतोषी निषाद के प्रयास से नहर नाली की साफ सफाई व कृषि सिंचाई के लिए पानी सप्लाई की मांग स्वीकृत



**भखारा 12 दिसंबर।** नगर पंचायत भखारा भठेली वार्ड क्रमांक 12 की पार्षद संतोषी निषाद के द्वारा नगर की किसानों की सिंचाई समस्या को लेकर कार्यपालन अभियंता महानदी जलाश्य परियोजना बांध संभाग क्र -2 रुद्री(धमतरी) को पत्र प्रेषित किया गया था।जिसमें शासन द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान पाया गया कि नहर में अत्यधिक सिल्ट जमा हो गया है बैक कमजोर हो गया है और नीचे दब गया है,शहर के मध्य होने के कारण शहर का ड्रेनेज़ भी नहर में डाल दिया गया है जिसके कारण गंदगी है।शासन द्वारा 2024-25की बजट में शामिल किया गया है जिसका डीपीआर शासन को प्रेषित किया गया है स्वीकृति उपरांत निविदा के माध्यम से कार्य को संपादित किया जाएगा पार्षद संतोषी निषाद की जनकल्याणकारी कार्य से भठेली भखारा के किसानों में हर्ष व्याप्त है।

### क्षेत्र के युवाओं ने हड़ताल शॉर्ट फिल्म में प्रदेश की स्थिति को दर्शाया




**छुरा 12 दिसंबर।** छुरा क्षेत्र के युवाओं द्वारा एक शॉर्ट फिल्म हड़ताल जो कि cg mj music यूट्यूब चैनल पर धूम मचा रखा है। जिसमें डायरेक्ट मनोज पटेल द्वारा अपने इस शॉर्ट फिल्म में आज के गंभीर मुद्दे बेरोजगारी और पदस्थ विभागों द्वारा हड़ताल किए जाने पर एक शॉर्ट फिल्म बनाई गई है। जिसमें यह भी बताया गया है कि हमारे प्रदेश में सरकार द्वारा कैसे बैनरों पोस्टरों की फुजूल खर्ची पर रोक लगाया जाए। यह फिल्म आज की हालात पर कड़ा कटाक्ष करते हुए गंभीर मुद्दे को प्रकाशित किया गया है। युवाओं को सिर्फ़ सरकारी नौकरी के लिए इंतज़ार न करते बैठने अपितु अपने निजी व्यवसाय की कोशिश करने की बात साझा किया है। इस फिल्म के निर्माता से बात करते हुए हमें उनकी इन भावनाओं के बारे में जानकारी मिला कि वो इन जैसे कई मुद्दों पर ही काम कर रहे हैं उनका अगला प्रोजेक्ट भी सामाजिक समस्या पर ही निर्मित होने वाला हैं। जिसे वे अपनी टीम के साथ लिखने में लगे हुए हैं। उनका कहना है कि हमारे फिल्म की हम न केवल मनोरंजन हेतु बनाए हैं बल्कि हमने यह दिखाने का प्रयास किया है कि सच में प्रदेश में क्या समस्या चल रही है और उनसे हमें कैसे निवारण कर सकते हैं। उन्होंने अपने इस बातचीत के द्वारा अपनी पूरी टीम लोकेश वैष्णव,जग्गू सिन्हा,भूपेंद्र सिन्हा, लुकेश्वर साहू, प्रेम नागेश, मुच्छू, शंकर, उमेश, सहित सभी को बधाई एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### अंजलि ठाकुर जूडो क्रीडा प्रतियोगिता में छग का प्रतिनिधित्व करेंगी



**भाटापारा 12 दिसंबर।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वधान में अगरतला त्रिपुरा में 12 से 15 दिसंबर तक अंडर 17 वर्षीय बालिका वर्ग राष्ट्रीय शालेय जुडो क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है7 जिसमें बलौदाबाजार जिला जूडो संघ की खिलाड़ी - 70 भार मे अंजलि ठाकुर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस अवसर मे मुख्य रूप से मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स अकादमी के संरक्षक शिवरतन शर्मा, जिला जूडो संघ के संरक्षक अश्वनी शर्मा, जिला हपकीड़ो के संरक्षक कैलाश बलानी, जिला बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष डॉ. विकास अडील, आर. के. फूटान, परमानन्द सचदेव, मुरली धर, जिला जूडो संघ के उपाध्यक्ष पीताम्बर साहू, जिला जूडो संघ की सचिव पी. किरन, जिला जूडो संघ सहसचिव अभय केशरवानी, जिला जूडो संघ के. सदस्य राहुल शर्मा, जिला जूडो के कोच यशवंत ध्रुव, भारतीय जूडो संघ की ब्लैक बेल्ट नेहा वर्मा,नेहा साहू सीनियर खिलाड़ी अन्नपूर्णा देवांगन, संदीप रात्रे, बलराम यादव ने बधाई देकर शुभकामनायें दी ।

# जमीनी स्तर के स्वास्थ्य कर्मियों को मिला उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव का प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 12 दिसंबर।** जिले में उच्च जोखिम के अंतर्गत आने वाली गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव तथा प्रसव से पूर्व एवं पश्चात किए जाने वाले देखभाल को लेकर जिला अस्पताल बलौदाबाजार के सभाकक्ष में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में पदस्थ सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी तथा ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों के प्रशिक्षण बाबत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजनशनिवार को किया गया।उच्च जोखिम वाले गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव हेतु जमीनी स्तर के स्वास्थ्य कर्मियों के लिए जिले में पहली बार विशेष पहल के तहत यह कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष श्री चित्तावर जायसवाल द्वारा किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि मातृ मृत्यु दर को रोकने तथा उच्च जोख़िम गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व प्रदान करने बाबत जिले में यह अपनी तरह का पहला प्रशिक्षण कार्यक्रम है जिसमें सात स्त्री रोग विशेषज्ञों ने बारी-बारी से विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया ।मातृत्व स्वास्थ्य के नोडल अधिकारी डॉ शशि जायसवाल ने उच्च जोख़िम गर्भावस्था के कुछ लक्षण बताया जैसे अधिक उम्र का होना, छोटा क़द, पहले से ही रक्तस्राव, बच्चों की गलत प्रस्तुति, पूर्व में गंभीर प्रसूति की जानकारी,हृदय रोग संबंधी, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, गंभीर एनीमिया ,जुड़वा बच्चे का होना ,लंबी गर्भावस्था, कोई चिकित्सा विकार स्थिति में आने वाली गर्भवती महिलाओं को विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है । उन्होंने बताया कि यदि महिला ने अपनी गर्भावस्था के दौरान अपनी पूरी चार बार जांच करवाई है तो महिला के बारे में यह प्रकट हो जाता है कि क्या वह उच्च जोखिम में आएगी । कार्यशाला में स्त्री रोग विशेषज्ञों ने सुरक्षित मातृत्व प्रबंधन के संबंध में विविध प्रकार के आवश्यक बिंदुओं की चर्चा करते हुए उन्हें प्रदान की जाने वाली सेवाओं का प्रशिक्षण दिया। इसमें डेमो के माध्यम से भी बताया गया।प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि प्लेसेंटा प्रीविया अर्थात बच्चे जिसमें रहता है वह थैली निचले हिस्से में आ गई है तो वह सर्विक्स को जाम कर देता है जिससे जच्चा- बच्चा दोनों को खतरा रहता है ऐसी स्थिति में सोनोग्राफी अनिवार्य रूप से अगर हो जाए तो इस स्थिति के लिए तैयारी की जा सकती है । ऐसे ही यदि गर्भवती महिला को उच्च रक्त चाप है तो उसे झटके आ सकते हैं और समय से पूर्व प्रसव हो सकता है । महिला को यदि 140/90 से अधिक रक्तचाप है तो निगरानी और दवाई की आवश्यकता होती है।

## समाचार संक्षेप

### धमतरी में गुरु पर्व पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन 17 को



**भखारा 12 दिसंबर।** 1 दिसंबर से गुरु पर्व का पावन माह की शुरुआत हो चुका है इसी माह की 18 दिसंबर को सतनामी समाज गुरु घासीदास बाबा की जयंती धूमधाम से मनाते है।सतनामी समाज के मुखिया राजागुरु बालदास साहेब के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में शोभायात्रा निकला जा रहा है इसी तर्ज पर धमतरी जिले में भी 17 दिसंबर को सतनामी समाज के द्वारा विशाल भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें डीजे,धुमाल के साथ ही नर्तकदल पंथी गीत के माध्यम से बाबा जी के संदेशों को जनमानस तक परोसेंगे। जिलाध्यक्ष कपिल देशलहरे ने बताया कि 18 दिसंबर के पूर्व धमतरी जिले के मगरलोड,कुरूद,भखारा सहित सभी ब्लाकों मे शोभायात्रा निकला जाएगा धमतरी में 17 दिसंबर को दोपहर 1 बजे शोभायात्रा घड़ी चौक से प्रारंभ होकर एकलव्य खेल मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन होगा।जिसकी तैयारी में प्रधान संचालक इतवारी गावस्कर,चंद्रप्रकाश पाटले,उपाध्यक्ष विजय सोनवानी,दीपचंद भारती,शहर अध्यक्ष लोकेश लहरे,अमरदास,सलाहकार रमेश लहरे,डा सुरेन्द्र कुर्रे,मीडिया प्रमुख राजेश रात्रे,प्रीतम टंडन, भूषण जांगड़े,मनीष,ब्लाक अध्यक्ष तोरण अनेश्वरी,प्रवीण कोसरे,रामकुमार बंजारे,राजेन्द्र भारती सचिव हीरालाल बघेल, राजकुमार टंडन,टिकेशवरी लहरे,भगवान सिंह सोनवानी, मणीकांत जोशी तैयारी में जुटे हुए है। उन्होंने बताया कि 13 दिसंबर को मगरलोड,15 दिसंबर को कुरूद,16 दिसंबर को भखारा एवं 17 दिसंबर को धमतरी में जिलास्तरीय भव्य शोभायात्रा निकाला जाएगा जिसमें धमतरी जिले के समस्त समाजजनों की उपस्थिति की अपील जिलाध्यक्ष कपिल देशलहरे ने किया है।

### अधिकार दिवस मनाया गया



**भखारा 12 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत मानव अधिकार दिवस मनाया गया7 जिसमें प्राध्यापक एम.एस साहू ने मानव अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी दिये। संस्था प्रमुख डॉ एस.के साहू ने छात्र छात्राओं को मानव दिवस के बारे में बताते हुए कहा कि मानव को वास्तव में आज जो अपने अधिकार का हनन कर रहा है उसी अधिकार को हमको समझना और जानना है जिससे अपने अधिकार के लिए लड़ सके मानव अधिकार के मौलिक कर्तव्यों पर अपना विचार व्यक्त किया।

**राज्य वीरता पुरस्कार के लिए 2 जनवरी तक आवेदनः बलौदाबाजार, 12 दिसंबर।** कलेक्टर श्री दीपक सोनी मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के बच्चों को किसी घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस एवं बुद्धिमत्ता के लिए राज्य वीरता पुरूस्कार 2024 हेतु अंतिम तिथि 02 जनवरी 2025 तक आवेदन जमा कर सकते है। आपात् परिस्थितियों में बालको की सूझ-बुझ एवं सामंजस्य कौशल को प्रोत्साहित किए जाने की मंशा से प्रतिवर्ष शासन द्वारा दिए जाने वाले राज्य वीरता पुरूस्कार के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों में 05 बालक/बालिकाओं को 25 हजार रूपये की राशि तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर बालको को सम्मानित किया जायेगा है।

# राष्ट्रीय एकता शिविर बरेली में स्वयंसेवक ख्याति साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त कर प्रदेश का बढ़ाया मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भखारा 12 दिसंबर।** महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेवक ख्याति साहू पिता कामता प्रसाद साहू का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर बरेली (उत्तरप्रदेश)के लिए पंडित रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी रायपुर के द्वारा किया गया है। ख्याति साहू महाविद्यालय में एमए तृतीय सेमेस्टर भूगोल की छात्रा है। राष्ट्रीय एकता शिविर 05 दिसंबर से 11 दिसंबर तक आयोजित हुआ।जिसमें प्रदेश सहित अन्य 11 राज्य के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक सम्मिलित हुए हैं।सभी राज्यों के स्वयंसेवक द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से अपने प्रदेश की कला संस्कृति से विगत 5 दिनों से परिचय करा रहे थे।साथ ही विभिन्न सत्रों में बौद्धिक परिचर्चा में अभिव्यक्ति कौशल,व्यक्तित्व विकास तथा नेतृत्व क्षमता का गुण सीख रहे थे।छत्तीसगढ़ से 4 बालक और 4 बालिका की टीम कार्यक्रम अधिकारी सुनीता चंसोरिया के नेतृत्व में अपने प्रदेश का मान बढ़ाया।स्वयंसेवक ख्याति ने छत्तीसगढ़ की राजकीय गीत (आरपा पैरी के धार)को अपने मधुर स्वर से गाकर पूरे 12 राज्यों के सांस्कृतिक कार्यक्रम में तृतीय स्थान प्राप्त किये। ख्याति साहू ने महाविद्यालय के साथ-साथ पूरे प्रदेश का नाम रोशन किये। जिस पर प्राचार्य डॉ.संजय शर्मा, डॉ.एल आर डोंगरे,डॉ. कविता वैष्णव,डॉ.अविनाश आर निचत, आनंद सोनी,दिनेश कुमार नाग, रामकिशोर यादव,शकुंतला कोसरिया,हरविंदर सिंह कुर्रे, लोकेंद्र सुधाकर,अनुनय टोप्पो, जानेन्द्र बंजारे रासेयो कार्यक्रम अधिकारी,समस्त व्याख्याता, कर्मचारी,रासेयो इकाई के कार्यकरिणी परिषद के अध्यक्ष राहुल कुमार सहित समस्त स्वयंसेवकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित किये है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एल.एस गजपाल,जिला संगठक निरंजन कुमार ने भी स्वयंसेवक ख्याति साहू को जिला धमतरी से चयनित होकर सांस्कृतिक कार्यक्रम में तृतीय स्थान प्राप्त करने और प्रदेश का मान बढ़ाने के लिये प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दिये।

### सड़क मरम्मत एवं निर्माण कार्य सहित धान उठाव में लाएं तेजी:कलेक्टर

**बलौदाबाजार, 12 दिसंबर।** कलेक्टर दीपक सोनी ने आज सँयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय काम काज की समीक्षा किए. जिसमें उन्होंने केंद्रीय सहित राज्य के महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है. आज विशेष रूप से कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग,प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क सहित मुख्यमंत्री सड़क के संबधित अधिकारियों को सड़क मरम्मत एवं निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही उपार्जन केंद्रों में धान उठाव में भी तेजी लाने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। उन्होंने आज पुनः उन्होंने दो टूक कहा कि धान खरीदी कार्य में जरा भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# देश का प्रकृति परीक्षण अभियान 25 दिसम्बर तक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 12 दिसंबर।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 26 नवम्बर से 25 दिसम्बर 2024 तक देश के प्रकृति परीक्षण हेतु देशव्यापी राष्ट्रीय अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान की शुरूआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रकृति परीक्षण से प्रारंभ किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ.गोदावरी पैकरा ने बताया कि आयुर्वेद में वर्णित प्रकृति परीक्षण से व्यक्ति की शारीरिक व मानसिक संरचना (प्रकृति) को समझने में सहायक होती है, जिससे व्यक्ति की विशिष्ट प्रकृति के आधार पर व्यक्तिगत स्वास्थ्य योजना, आहार-विहार, दिनचर्या, ऋतुचर्या बनाकर समय पूर्व होने वाले रोगों से बचाव, निदान एवं उपचार किया जा सकता है। इस अभियान का लाभ लेने तथा व्यक्ति को स्वयं का प्रकृति परीक्षण एप डाउनलोड कर सिटीजन के रूप मे पंजीकृत होना होगा। प्रकृति परीक्षण हेतु आयुष चिकित्सक वालेन्टियर्स द्वारा नागरिकों से संपर्क किया जा रहा है। इसके साथ ही आयुष औषधालय के चिकित्सक से सम्पर्क कर ऑनलाईन फार्म भरकर आपकी प्रकृति बताकर ऑनलाईन प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते है।

## नाम परिवर्तन सूचना

मै गंगा पिता माड़का मकान नं. 104 मरकामपारा गदापाल तहसील दन्तेवाड़ा जिला द.ब.दन्तेवाड़ा छ.ग. का निवासी हूं। मेरा वास्तविक नाम गंगा पिता माड़का है जो कि मेरे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता पहचान पत्र में अंकित नाम से प्रमणित है मेरे नाम से जारी आधार कार्ड में नाम मढका अंकित है जो कि गलत है। जिसके कारण मेरे शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्यों में परेशानी हो रही है। इस कारण सभी दस्तावेजों/अभिलेखों जैसे आधार कार्ड में दर्ज नाम मढका पिता मढका के स्थान पर मेरा वास्तविक व सही नाम गंगा पिता माड़का अंकित कर सुधार करवाना चाहता हूं।

**गंगा पिता माड़का**
निवासी गदापाल, तहसील दन्तेवाड़ा
जिला दनतेवाड़ा छ.ग.

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-202408142400011/अ-2/2023-24
साकिनः-किलेपार, प.ह.नं. -25

**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदिका भारती कश्यप पिता कामता प्रसाद कश्यप, जाति गोंड़, निवासी ग्राम ननगूर, तहसील बस्तर, जिला बस्तर द्वारा ग्राम किलेपार, तहसील चारामा स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 82/2 रकबा 0.02 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 17.12.2024 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जावेगी।

अतः आज दिनांक 02.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

(मुहर) **अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर**

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), छुरा जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**

Email Id- sdmchhura@gmail.com

**// उद्घोषणा //**

प्रकरण क्रमांक 202411222000025/अ-2
ग्राम-फिंगेश्वरी तहसील छुरा
दिनांक 28/11/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/भूमिस्वामी समयराम पिता/पति जोहतराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम फिंगेश्वरी तहसील छुरा जिला गरियाबंद द्वारा ग्राम फिंगेश्वरी तहसील छुरा स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 502 रकबा 0.33 हे.में से 0.10 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन में व्यपवर्तित किये जाने हेतु संहिता की धारा 172 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भूमि के व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह आपत्ति/दावा स्वयं या अपने अधिवक्ता/अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से सुनवाई तिथि दिनाक 19/12/2024 के भीतर प्रस्तुत कर सकता हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 28/11/24 को जारी किया गया।

(मुहर) **अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**छुरा, जिला गरियाबंद**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202411095200003**

विषय - ब-121 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2024-2025
कातलवाही प.ह.न. 00018 [ ( हे. ) ]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- सुरेश गायकवाड़,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेश गायकवाड़ आ. फिरतू गायकवाड़ जाति सतनामी सा. कातलवाही तहसील डोंगरगढ़ जिला - राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के माता बुधयारिन पति फिरतू गायकवाड़ का मृत्यु दिनांक 29.01.2021 को स्थान कातलवाही में हुआ है के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 23.12.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/12/2024 को जारी किया जाता है।

(मुहर) **नायब तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202412095300002
अ/6 (अ) वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मानिकराम पिता झाड़ूराम जाति महार निवासी ग्राम कन्हारगां व तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम कन्हारगांव पटवारी हल्का नं. 02 रा.नि.मं. मोहारा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में स्थित कृषि भूमि कुल खसरा 05 कुल रकबा 1.040 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में शामिलात नाम पर दर्ज है। किन्तु मेरे भाई रामकिसून का नाम राजस्व अभिलेख में विष्णु दर्ज हो गया है। मेरे भाई की मृत्यु दिनांक 14.09.2017 को हो गया है मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेजों में मेरे भाई का नाम रामकिसून दर्ज है। राजस्व अभिलेख में विष्णु दर्ज हो जाने के कारण फौती दर्ज कराने में परेशानी हो रही है। राजस्व अभिलेख में विष्णु उर्फ रामकिसून पिता झाडुराम दर्ज किये जाने बाबत् आवेदन पत्र, आधार कार्ड, पहचान पत्र, बी-1, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 23.12.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया!

(मुहर) **नायब तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202412092300013
अ/74-वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक टिकेश पिता पुरनंलाल जाति महार निवासी ग्राम तिरोडी जिला बालाघाट द्वारा ग्राम मुसराखुर्द पटवारी हल्का नं. 13 रा.नि.मं. मुसराकला तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में स्थित भूमि खसरा नं. 178 रकबा 0.040 हेक्टेयर कुल खसरा 01 कुल रकबा 0.040 हेक्टेयर भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज व स्थित है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका कही गुम हो चुका है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका कही गुम हो जाने के कारण आवेदक को शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्य में परेशानी हो रही है। उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय बी-1, अदेय प्रमाण पत्र तथा प्रथम सूचना रिपोर्ट, चलान की मूल प्रति पेश किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 27.12.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) **नायब तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202412092100002
अ/2 वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक सचिन बढ़े पिता स्व. श्री पी.एस. बढ़े उम्र 46 वर्ष जाति लेवापाटिल सामान्य निवासी एम.आई.जी 2/103, हुडको शहीद कौशल नगर, भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें लेख किया गया है कि आवेदक के निजी स्वामित्व एवं आधिपत्य मे ग्राम मुंदगांव तहसील डोंगरगढ प.ह.न. 32 रा. निं. मं. चौथना तहसील डोंगरगढ जिला - राजनांदगांव में खसरा नं 537/3 रकबा 0.4500 हेक्टारे भूमि स्थित है! उक्त भूमि खसरा नम्बर 537/3 रकबा 0.4500 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन (होटल एवं रिसार्ट ) हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत् छ.ग.भू.रा.संहिता की धारा 172 तहत् निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 30/12/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) **अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**डोंगरगढ़**

---

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202412092200014**

विषय - ब-121 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2024-2025
गाजमर्रा प.ह.न. 00029 [ ( हे. ) ]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- बालि गोंड,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका बालि गोंड पति मंगल गोंड जाति गोंड सा. गाजमर्रा तहसील डोंगरगढ़ जिला - राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदिका के पुत्री नैना गोंड आ. मंगल गोंड का जन्म दिनांक 17.11.2017 को स्थान डोंगरगढ़ में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 23.12.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/12/2024 को जारी किया जाता है।

(मुहर) **तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**

---

**न्यायालय तहसीलदार चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-202412140100007/अ-21(2)/सन् 2024-25
ग्राम चारामा, प.ह.नं. -06

**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सर्व संबंधित एवं आम जनता को सुचित किया जाता है कि आवेदक मोहनलाल सोनी पिता नत्थुलाल सोनी जाति सोनार, श्रीमती मीना उर्फ कल्पना सोनी पति मोहनलाल सोनी जाति सोनार निवासी ग्राम चारामा तहसील चारामा जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा अंतर्गत धारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6क) के तहत भूमि स्वामी हक की आवासीय प्रयोजन परिवर्तित भूमि ग्राम चारामा पटवारी हल्का नंबर 06 तहसील चारामा में स्थित खसरा नंबर 1100 रकबा 0.02 हे. या 0.05 डिसमिल परिवर्तित लगान 93.00 रूपये है को ईलाज कराने हेतु पैसों की आवश्यकता होने पर अनावेदक क्रेतागण राजा संचेती पिता सुरेश कुमार संचेती जाति जैन निवासी बनियापारा धमतरी तहसील धमतरी एवं प्रशांत नाहर पिता दीपचंद्र नाहर जाति जैन निवासी ग्राम चारामा जिला उत्तर बस्तर कांकेर के पास 22,00,000.00 (बाईस लाख) में विक्रय करने का सौदा होने पर भूमि विक्रय करने की अनुमति प्रदान करने कलेक्टर जिला उत्तर बस्तर कांकेर में आवेदन प्रस्तुत करने पर जांच हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा के माध्यम से प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विधिवत् अपना दावा अथवा आक्षेप मेरे समक्ष दिनांक 26.12.2024 को स्वयं अथवा अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत कर सकता है। बाद में प्राप्त दावा आक्षेप पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

(मुहर) **तहसीलदार**
**चारामा**

## एक नजर

### कालोनी की पार्किंग से एक्टिवा पार

**रायपुर, 12 दिसंबर।** हिमालयन हाईट देवपुरी स्थित कालोनी के पार्किंग से अज्ञात चोर ने एक्टिवा पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रंजीत सिंह 50 वर्ष ब्लॉक 2 हिमालयन हाईट देवपुरी की रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 केसी 9249 को कालोनी के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**रायपुर, 12 दिसंबर।** ग्राम पारागांव मेनरोड में बाइक सवार युवक हादसे का शिकार हो गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में आरंग थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक चंदूलाल धृतलहरे 31 वर्ष ग्राम छटेरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 06 जीजे 4413 से कहीं जा रहा था, तभी ग्राम पारागांव मेनरोड में वह अनियंत्रित होकर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकीर मौत हो गई। मामले में आरंग पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### चाकू सहित युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 12 दिसंबर।** मौदहापारा पुलिस ने नवभारत प्रेस के पीछे चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार मौदहापारा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नवभारत प्रेस के पीछे एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी मोहम्मद असफाक 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से चाकू जब्त किया है।

### क्राइम कंट्रोल ही प्राथमिकता : एसपी लाल उमेद सिंह

**रायपुर, 12 दिसंबर ।** राज्य सरकार ने पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया है। लाल उमेद सिंह को रायपुर एसपी बनाया गया है वहीं रायपुर एसपी संतोष सिंह को सहायक पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय में पदस्थ किया गया है। इसके अलावा एसपी कोरिया आईपीएस सूरज सिंह परिहार को 14 वीं बटालियन बालोद भेज गया है। वहीं आईपीएस रवि कुर्रे को कोरिया का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। जारी आदेश में राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी हरीश राठौर को एसपी सीएम सिक्योरिटी बनाया गया है।

### चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ 6 सूत्रीय मांगों को लेकर 30 को बैठेगा भूख हड़ताल पर

**रायपुर, 12 दिसम्बर।** छग लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष बिंदेश्वर राम रौतिया एवं वरिष्ठ पूर्व नेता घनश्याम शर्मा ने प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि ग्रेड पे पदोन्नति एवं अन्य मांगों को लेकर कर्मचारी संघ के सदस्य घड़ी चौक में 30 दिसंबर को भूख हड़ताल पर बैठेंगे। उन्होंने बताय कि अविभाजित मप्र के समय से 1998 के बाद राज्य बने 24 वर्ष हो गये है फिर भी कर्मचारियों की मांगें पूर्ण नहीं की गई है। पूर्ववर्ती सरकारों के मुख्यमंत्री वित्त मंत्री तत्कालीन मुख्य सचिवों को लगातार ज्ञापन सौंपने के उपरांत भी मांगे पूर्ण नहीं की गई है। छग में कुल 45 हजार लघुवेतन कर्मी है जिनमें से 20 हजार कर्मी दैनिक वेतनभोगी है।

### आपसी रंजिश के चलते लगाई थार गाड़ी को आग, गिरफ्तार

**रायपुर, 12 दिसंबर।** पुरानी रंजिश और विवाद के चलते बदले की भावना से एक थार गाड़ी को आग लगाकर जलाने वाले आरोपियों को मुंगेली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान सिद्धू उर्फ सिद्धांत ठाकुर और योगेश्वर सिंह आर्मो के रूप में हुई है। इन दोनों ने प्रार्थी आयुष ठाकुर के साथ के पूर्व विवाद के कारण गाड़ी को जलाया था। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इस मामले की जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपियों का पता चला और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने बदले की भावना से आयुष ठाकुर की महिंद्रा थार गाड़ी को आग के हवाले किया था। यह घटना 26 नवंबर 2024 की रात 2:00 बजे के आसपास हुई, जब आयुष ठाकुर की गाड़ी एस. एन. जी. कॉलेज के सामने उनके मकान के पास रोड के किनारे खड़ी थी और किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे आग लगा दी।

### उप स्वास्थ्य केन्द्र के अवैध कब्जे को निगम ने कराया मुक्त

**रायपुर, 12 दिसंबर।** गणेश नगर के वार्ड 46 के कांग्रेस पार्षद अब्दुल इब्राहिम खान ने उप स्वास्थ्य केंद्र के एक कमरे में अवैध रूप से पार्षद कार्यालय खोल रखा था। लंबे समय से यह कार्यालय संचालित हो रहा था, लेकिन आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने कार्रवाई करते हुए पार्षद का सामान बाहर फेंककर कब्जा मुक्त कराया और ताला लगा दिया। दरअसल, वार्ड नंबर 46, गणेश नगर के पार्षद अब्दुल इब्राहिम खान पिछले चार सालों से नगर निगम के अस्पताल के एक कमरे में अपना निजी कार्यालय चला रहे थे। इस अवैध कब्जे की शिकायतें लगातार आयुक्त के पास पहुंच रही थीं। आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम के जोन नंबर 6 ने इस मामले में बड़ी कार्रवाई की और अतिक्रमण को समाप्त करते हुए कब्जा मुक्त किया।

# स्टार्टअप की दिशा में कमाल करेंगे हमारे युवा: मुख्यमंत्री

## सरकार ने तैयार किया युवा उद्यमियों के लिए सपोर्ट सिस्टम

**रायपुर 12 दिसंबर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाठागांव स्थित अंतर्राज्जीय बस स्टैंड में नवनिर्मित इनोवेशन सेंटर का फीता काटकर शुभारंभ किया। साथ ही जयस्तंभ चौक के मल्टीलेवल पार्किंग में नवनिर्मित को-वर्किंग स्पेस, आरंभ का वर्चुअली लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने सेंटर फॉर इनोवेशन, ट्रेड एंड स्किलिंग की स्थापना, रायपुर जिले में 1000 सीटर को-वर्किंग स्पेस निर्माण और नगर निगम क्षेत्र के प्रत्येक जोन में एक-एक बॉक्स स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स निर्माण की घोषणा की। इस अवसर पर ओयो के फाउंडर श्री रितेश अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ में 500 करोड़ रूपए का निवेश करने और 15 हजार रोजगार सृजन करने की बात कहीं। इनोवेट के गेम जोन में मुख्यमंत्री श्री साय एवं ओयो फाउंडर श्री अग्रवाल ने टेबल टेनिस खेल में हाथ आजमाया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नागरिक सुविधाओं को बढ़ाने एवं रोजगार के नये अवसर पैदा करने, स्मार्ट सिटी का विचार क्रियान्वित किया। रायपुर को भी स्मार्ट सिटी के रूप में चयनित किया गया है। राज्य सरकार स्मार्ट सिटी के अनुरूप सुविधाओं को लगातार बढ़ाने के लिए पहल



कर रही हैं। श्री साय ने कहा कि युवा उद्यमियों के दिमाग में उद्यम के बहुत से विचार हैं। वे अपना स्टार्टअप आरंभ करना चाहते हैं बस उन्हें थोड़ा सहयोग देने की आवश्यकता है फिर वे कमाल कर दिखाएंगे। सरकार युवाओं के लिए यही सपोर्ट सिस्टम तैयार कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह एवं जिला प्रशासन के कार्यों की सरहाना भी की। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप के लिए एक आफिस, फर्नीचर, एक अच्छा लोकेशन, कंप्यूटर, वाईफाई चाहिए, लेकिन इतने सब कुछ के लिए ही जो बजट लगता है वो बहुत से युवा उद्यमियों के बस की बात नहीं होती। को-वर्किंग एंड इनोवेशन सेंटर के रूप में यही आफिस स्पेस उन्हें उपलब्ध करा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 48 लाख रुपए की लागत से जयस्तंभ चैक के मल्टीलेवल पार्किंग सेंटर में आरंभ स्टार्टअप को-वर्किंग सेंटर तथा एक करोड़ रुपए की लागत से अंतरराज्यीय बस टर्मिनल में इनोवेशन सेंटर तैयार किया गया है। यहां स्टार्टअप उद्यमियों को काम करने के लिए आफिस मिल जाएगा। साथ ही प्राइवेट कैबिन होंगे, कंप्यूटर मिल जाएंगे और फर्नीचर उपलब्ध होगा, कैफेटेरिया होगा। प्रेजेंटेशन के लिए आडिटोरियम होगा। उन्हें केवल अपने आइडिया पर काम करना होगा।

# अंतिम नेशनल लोक अदालत 14 को

**रायपुर 12 दिसंबर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के वार्षिक कलेण्डर के अनुसार 14 दिसंबर 2024 को पूरे देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। उक्त नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में राजीनामा योग्य लंबित मामला, भाड़ा नियंत्रण, चेक बाउन्स, आबकारी विधि, सिविल विधि, यातायात संबंधी, परिवार न्यायालय, विद्युत, दूरसंचार, नगर निगम, जलकर, भूमिकर, श्रम विधि, आपराधिक विधि के मामलों का निराकरण राजीनामा के माध्यम से किया जाता है। जिला रायपुर तथा जिला गरियाबंद, तहसील देवभोग, तिल्दा, एवं राजिम तथा नवीन तहसील आरंग में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 दिसम्बर 2024 दिन शनिवार को एक साथ किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत की तैयारी के संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर माननीय श्री बी0पी0 वर्मा द्वारा 06-12-2024 को कार्यभारग्रहण करते ही आगामी नेशनल लोक अदालत 14-12-2024 के संबंध में न्यायाधीशगण की बैठक ली गई । बैठक में उनके द्वारा निर्देश दिया गया है कि अधिक से अधिक मामलों को चिन्हांकित कर प्रीसिटिंग के माध्यम से राजीनामा के आधार पर प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जाये । उनके द्वारा बताया गया कि, नेशनल लोक अदालत के माध्यम से जन जन को सरल, सस्ता, तथा सुलभ न्याय प्रदान कराया जाना है एवं व्यक्त किया कि, नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार सार्वजनिक स्थल हाट-बाजार, रेल्वे स्टेशन, बस स्टेंण्ड एवं ग्रामीण अंचल मुनादी कराकर किया जा रहा है, तथा इसके अतिरिक्त रेल्वे स्टेशन व चैक चैराहे में टैऊफिक स्पीकर के माध्यम से भी नेशनल लोक अदालत का प्रचार- प्रसार किया जा रहा है । इस बार विशेष रूप से मोबाईल वैन के माध्यम से भी लोगों को नेशनल लोक अदालत का लाभ उनके घर तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा । लोक अदालत में पक्षकारों एवं अधिवक्ताओं की सुविधा हेतु हेल्प डेस्क का भी गठन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है, जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आकर हेल्प डेस्क के माध्यम से लोक अदालत का लाभ प्राप्त कर सकते है।

## छत्तीसगढ़ सिविल जज परीक्षा-2023 का रिजल्ट जारी, रायपुर की श्वेता दीवान बनीं टॉपर

**रायपुर 12 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने सिविल जज परीक्षा 2023 का रिजल्ट बुधवार की देर रात जारी कर दिया। रायपुर की बेटी श्वेता दीवान ने इस परीक्षा में टॉप कर अपने परिवार और शहर का नाम रोशन किया है। अपनी उपलब्धि के बारे में उन्होंने कहा कि उनके परिवार का सहयोग और उनकी कड़ी मेहनत इस सफलता के पीछे का सबसे बड़ा कारण है। इस उपलब्धि ने न केवल रायपुर बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के युवाओं को प्रेरित किया है। यह उनकी दृढ़संकल्प और मेहनत का नतीजा है। सिविल जज परीक्षा 2023 में 150 अभ्यर्थी इंटरव्यू राउंड तक पहुंचे थे, जिनमें से 49 अभ्यार्थी सफल हुए। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित व्यवहार न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) परीक्षा-2023 के लिए कुल 49 पदों पर भर्ती हेतु आयोजित परीक्षा का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया गया है। उक्त परीक्षा का अंतिम चयन सूची आयोग की आधिकारिक वेबसाइट https://www.psc.cg.gov.in/ पर अपलोड कर दी गई है। गौरतलब है कि व्यवहार न्यायाधीश परीक्षा-2023 के मुख्य परीक्षा का परिणाम 25 अगस्त 2024 को जारी किया गया था, जिसमें विज्ञापित पदों का तीन गुना यानी 147 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए चिन्हांकित किया जाना था। परंतु वर्गवार, उपवर्गवार अर्ह अभ्यर्थियों की उपलब्धता के अनुसार 151 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया गया।

# फ्रेंचाईजी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाला कंपनी का डायरेक्टर गिरफ्तार

**रायपुर, 12 दिसंबर।** जीएसटी, सेल्स टैक्स, इन्कम टैक्स, पैन कार्ड व अन्य टैक्स से जुडे काम का महाराष्ट्र स्टेट की फेचाईजी दिलाने के नाम पर लाखों रूपयों की ठगी करने वाली फर्जी कंपनी के डायरेक्टर को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है वहीं मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राकेश सिन्हा पिता शम्भूराम सिन्हा, निवासी लक्ष्मी नगर पचपेढ़ी रायपुर के द्वारा दिनांक 07-01-2023 को तेलीबांधा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि टैक्सजीवन सर्विस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत आरोपी कन्हैया लाल चड्डा, सारिका वर्मा व जयनारा के द्वारा षडयंत्र करके छल कपट पूर्वक जीएसटी, सेल्स टैक्स, इन्कम टैक्स, पैन कार्ड व अन्य टैक्स से जुडे काम का महाराष्ट्र स्टेट की फेचाईजी दिलाने और महाराष्ट्र स्टेट की फ्रेंचाईजी लेने पर फिक्स मंथली प्राप्ति 150000 रूपये अथवा 18 लाख रूपये सालाना मिलने की बात कहकर प्रार्थी से रकम 4800000 रूपये बेईमानी पूर्वक प्राप्त कर लिया। आरोपीगण कंपनी के डायरेक्टर है जिनके द्वारा षडयंत्र करके छल व कपट पूर्वक रकम प्राप्त कर 4800000 रूपये का खयानत कर लिये जाने की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा-420, 120बी भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है विवेचना दौरान आरोपी जय कुमार नारा पिता स्व. रमेश कुमार नारा उम्र 47 वर्ष निवासी अजय प्रियानी का मकान महाबीर नगर मारूती रेसीडेंसी के सामने थाना न्यु राजेन्द्र नगर रायपुर को आज दिनांक 11-12-24 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया प्रकरण के शेष दो आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### हसदेव एक्सप्रेस के जनरल डिब्बे में मिला युवक का शव

**रायपुर, 12 दिसंबर।** राजधानी रायपुर रेलवे स्टेशन में हसदेव एक्सप्रेस के जनरल डिब्बे के अंदर एक युवक का शव मिली है। युवक का शव फांसी पर लटकता हुआ मिला है। मिली जानकारी के अनुसार रायपुर रेलवे स्टेशन पर हसदेव एक्सप्रेस ट्रेन लगभग 2.30 बजे दुर्ग से धुलकर रायपुर आई थी और रायपुर से शाम 6 बजे कोरबा जाने वाली थी। इस दौरान ट्रेन की साफ सफाई के लिए कर्मचारी ट्रेन के अंदर पहुंचा तो वहां जनरल डिब्बे के अंदर युवक को फंदे पर लटकते हुए देखा।

# बस्तर अंचल में अब बह रही है विकास की बयार: विष्णु देव साय

**रायपुर 12 दिसंबर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कांकेर जिले के पखांजूर में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार सभी वर्गों की भलाई और उन्नति के लिए कार्य कर रही है। बस्तर अंचल के विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नियद नेल्ला नार जैसी योजनाओं से बस्तर में रहने वाले लोगों को केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं के साथ-साथ सड़क, स्कूल, पेयजल, आवास, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं आसानी मिल रही है। अब बस्तर में विकास की बयार बह रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में पखांजूर से मायापुर सड़क सुदृढ़ीकरण के लिए 8.78 करोड़ रुपए, खेल परिसर निर्माण के लिए 02 करोड़, सिविल अस्पताल के मरम्मत कार्य के लिए 30 लाख रूपए और नालंदा परिसर लाइब्रेरी निर्माण की घोषणा की। उन्होंने नगर



पंचायत के पूर्व अध्यक्ष श्री असीम रॉय की प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में कुल 254.15 करोड़ रुपए के 68 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इनमें 215.41 करोड़ रूपए के 43 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं 38.74 करोड़ रूपए के 25 कार्यों का लोकार्पण सम्मिलित हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि 13 दिसंबर को प्रदेश की सरकार का एक साल पूरा होने जा रहा है और इतने कम समय में जनता से किए गए वायदों को पूरा करने सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार गठन के तुरंत बाद 25 दिसंबर को सुशासन दिवस पर किसानों को अंतर की राशि का भुगतान किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नए आवासों की स्वीकृति दी गई। उन्होंने कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहकों का पारिश्रमिक प्रति मानक बोरा 4000 रूपए से बढ़ाकर 5500 रूपए किया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बस्तर के विकास के लिए सरकार हरसंभव कोशिश कर रही है। नियद नेल्लानार योजना के तहत माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। वहीं विशेष पिछड़ी जनजातियों को विकास से जोड़ने पीएम जनमन योजना चलाई जा रही है। प्रदेश में नई उद्योग नीति लागू कर व्यवसाय और उद्योग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी तरह राज्य पीएससी की परीक्षा में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ सीबीआई लगातार कार्रवाई कर रही है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि पिछले एक साल में साय सरकार ने प्रदेशवासियों के लिए अनेक कार्य किए। राज्य की 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना में हर महीने एक-एक हजार रूपए की राशि दी जा रही है।

# गणतंत्र दिवस गरिमापूर्ण तरीके से मनाने की प्रारंभिक तैयारियां शुरू

**रायपुर 12 दिसंबर।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 गरिमापूर्ण मनाने और इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की पूर्व तैयारियों के लिए आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु जी पिल्ले ने राज्य शासन के विभिन्न विभागों के उच्च स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। अपर मुख्य सचिव ने गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के आयोजन के संबंध में तमाम व्यवस्था और तैयारियों के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए हैं। श्रीमती पिल्ले ने कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शित की जाने वाली झांकियां तथा उसकी थीम का निर्धारण एक सप्ताह के भीतर करने के निर्देश दिए हैं।



बैठक में राजधानी में आयोजित कार्यक्रम के आयोजन स्थल एवं समय का निर्धारण, समारोह के पल-प्रति कार्यक्रम का निर्धारण, आमंत्रण पत्र के प्रारूप का अनुमोदन, मुद्रण एवं उसका वितरण, मंच, पंडाल व्यवस्था, बैठक व्यवस्था निर्धारण, माननीय राज्यपाल तथा माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा दिए जाने वाला उद्बोधन/संदेश को तैयार करना, संबंधी निर्देश दिए गए। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि समारोह स्थल पर परेड कार्यक्रम, भाग लेने वाली टुकड़ियों का निर्धारण एवं रिहर्सल, स्कूली बच्चों के कार्यक्रम, अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों तथा उत्कृष्ट झांकी को पुरस्कार वितरण, के साथ ही कार्यक्रम के उद्घोषक का निर्धारण, किया जाना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार पार्किंग एवं ट्रेफिक व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर विभागों द्वारा प्रदर्शित की जाने वाली झांकियों के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति, कार्यक्रम के रिहर्सल की तिथि, प्रतिभागियों, स्कूली बच्चों के लिए स्वल्पाहार/पीने के पानी की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल, साफ-सफाई, अस्थाई शौचालय इत्यादि की व्यवस्था, संध्याकालीन कार्यक्रम की रूपरेखा, स्थान एवं समय का निर्धारण, जिला एवं तहसील स्तर पर आयोजित किए जाने वाली कार्यक्रमों का निर्धारण करना सुनिश्चित करें। जिला मुख्यालयों पर माननीय मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, विधान सभा अध्यक्ष एवं अन्य माननीय मुख्य अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण के लिए जिलों का निर्धारण, स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले कार्यक्रमों का निर्धारण, शासकीय भवनों पर प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

## साइंस कालेज में होने वाले कार्यक्रम जनादेश परब के लिए पार्किंग व्यवस्था की गई

**रायपुर, 12 दिसम्बर।** 13 दिसम्बर 2024 को साइंस कॉलेज ग्राउंड रायपुर में आयोजित होने वाले जनादेश परब कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आम नागरिकों का सम्मिलित होना प्रस्तावित हैं। इस दौरान कार्यक्रम में शामिल होने वाले नागरिकों के सुगम सुरक्षित आवागमन हेतु निम्नानुसार मार्ग एवम् पार्किंग व्यवस्था निर्धारित किया गया हैः 01. बिलासपुर संभाग से होकर आने वाले आम नागरिक एवं सदस्य गण राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 से 30 करोड की जमीन को 3 करोड़ में बेचा, 9 ठगबाज गिरफ्तार सिलतरा नया बाईपास रोड से टाटीबंध चौक से होकर त्नश्व रोड से सीधे एनआईटी पार्किंग में अपना वाहन पार्क कर पैदल कार्यक्रम स्थल में प्रवेश करेगें। 02. दुर्ग संभाग से होकर आने वाले आम नागरिक एवं सदस्यगण राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 53 से होकर टाटीबंध चौक से त्नश्व रोड होकर बस डिपो पार्किंग आयुर्वेदिक कॉलेज पार्किंग में अपना वाहन पार्क करेंगे। 03. बस्तर संभाग, धमतरी व अभनपुर से आने वाले आम नागरिक एवं सदस्यगण राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 से होकर पचपेड़ी नाका चौक से रिंग रोड नंबर 01 से होकर होकर भाटागांव चौक कुशालपुर चौक, रायपुरा अंडर ब्रिज से लाखे नगर चौक, आश्रम तिराहा, डगनिया रोड से नाबालिग बच्ची से किया छेड़छाड़, आरोपी पुलिस हिरासत में ष्टस्श्वक्कमैदान पार्किंग एवं ईदगाह मैदान पार्किंग स्थल में अपना वाहन पार्क करेंगे।

# विद्यार्थियों को मिलने लगा अब बेहतर शैक्षणिक माहौल

**रायपुर 12 दिसंबर।** कुछ समय पहले तक अपने विद्यालय में शिक्षकों की कमी को लेकर विद्यार्थी परेशान थे। स्कूलों में विषय से संबधित शिक्षक नहीं होन या फिर एकमात्र शिक्षक होने और कभी-कभी उनके अवकाश में रहने से अध्यापन ठप होने जाने की शिकायत पालकों की भी रहती थी। कई बार शिक्षकों की कमी को लेकर प्रदर्शन तक भी होते रहते थे। शिक्षकों की कमी का सबसे ज्यादा खामियाजा विद्यार्थियों को ही भुगतना पड़ता था। समय पर पाठ्यक्रम पूरे नहीं होते थे तो उन्हें विषय का ज्ञान भी नहीं मिल पाता था। कई बार तो शिक्षकों की कमी को देखते हुए कुछ विद्यार्थी अपने आसपास के विद्यालयों से दूर जाकर अन्य विद्यालय तक में पढ़ाई करते थे। वहीं शिक्षक नहीं होने पर सीमित संख्या में उपलब्ध शिक्षकों के कंधे पर भी अन्य विषयों का अध्यापन कराने की मजबूरी आ जाती थी। कुछ इन्हीं समस्याओं को ध्यान रखकर विद्यार्थियों के सर्वांगीण



विकास के लिए नवाचारी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के दिशा निर्देशन में कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा कोरबा जिले में बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार किया जा रहा है। जिले में सैकड़ों ऐसे विद्यालय थे, जहां शिक्षकों की कमी थीं, उन विद्यालयों में विषय से संबंधित लेक्चरर, शिक्षकों, सहायक शिक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है। अब शिक्षक नियुक्त हो जाने से विद्यालयों में अध्यापन व्यवस्था पहले से बेहतर हो गई है। कोरबा जिले में शिक्षा व्यवस्था को पहले से और बेहतर बनाने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं।कोरबा जिले में दो हजार से अधिक विद्यालय है। हायर सेकेण्डरी, माध्यमिक शाला, प्राथमिक शाला विद्यालय में शिक्षकों की कमी की शिकायत लगातार कलेक्टर के पास आती रहती थी। उन्होंने जिला खनिज संस्थान न्यास के माध्यम से सभी विद्यालयों की जानकारी जुटाकर शिक्षकों की कमी को दूर करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। हायर सेकेण्डरी स्कूलों में विषय शिक्षकों की भर्ती के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन मंगाए गए और निर्धारित अर्हता पूरी करने वाले उम्मदवारों का चयन किया गया। प्राथमिक शाला कोरई में मानदेय के आधार पर नियुक्त हुई शिक्षिका चंद्रिका पैंकरा और प्राथमिक शाला कदमझेरिया की शिक्षिका शकुंतला कंवर ने बताया कि स्कूल में अतिथि शिक्षक के रूप में जिम्मेदारी मिलने के बाद वे भी जिम्मेदारी के साथ बच्चों का अध्यापन करा रहे हैं। यह खुशी की बात है कि शिक्षकों की नियुक्ति में पारदर्शिता बरतते हुए गांव के बेरोजगार योग्य युवाओं को भी अवसर दिया गया है। जिले के हायर सेकेण्डरी स्कूलों में कुल 118 लेक्चरर की नियुक्ति की गई।

## पीसीसी प्रमुख के सामने जिलाध्यक्षों का छलका दर्द

**रायपुर, 12 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में बुधवार को निकाय और पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की अध्यक्षता में एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कांग्रेस के जिला और शहर अध्यक्षों ने पार्टी के मौजूदा और पूर्व विधायकों के खिलाफ जमकर नाराजगी जाहिर की। विशेष रूप से पूर्व विधायक अमितेश शुक्ला के कार्यों को लेकर असंतोष व्यक्त किया गया, जिससे संगठन के भीतर असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बैठक में गरियाबंद जिला अध्यक्ष भाव सिंह साहू ने दीपक बैज से शिकायत की कि पूर्व विधायक अमितेश शुक्ला संगठन के कामकाज में लगातार हस्तक्षेप करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया, अमितेश शुक्ला हमें काम करने का मौका नहीं देते और खुद बिना सूचना के कार्यक्रम आयोजित करते हैं, जिसमें जिला अध्यक्ष को नहीं बुलाया जाता। साहू की यह शिकायत केवल पूर्व विधायकों तक सीमित नहीं रही, मौजूदा विधायकों के खिलाफ भी कुछ जिलाध्यक्षों ने इसी तरह के आरोप लगाए। इस पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, अनुशासन सभी के लिए होना चाहिए, चाहे वे संगठन के पदाधिकारी हों या विधायक। बैज ने पार्टी के भीतर अनुशासन को बनाए रखने के लिए कड़ा संदेश दिया और यह भी स्पष्ट किया कि संगठन में किसी भी प्रकार के हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में निकाय और पंचायत चुनाव की रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26